दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 19 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 189 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3





## लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण आज

### पहले चरण में 102 सीटों के लिए होगा चुनाव

### 6 बड़े नेताओं की सीटों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में कई लोकसभा सीटों पर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए और विपक्ष के इंडिया गठबंधन का मुकबला है। कई बड़े चेहरे चुनाव मैदान में हैं, जिन पर देश की नजर है। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट पर होने वाले त्रिकोणीय मुकाबले पर सबकी नजर है। इस सीट पर तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष के अन्नामलाई, डीएमके नेता गणपति पी राजकुमार और एआईएडीएमके अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सिंगाई रामचंद्रन उम्मीदवार हैं। बीजेपी के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष की उम्मीदवारी से पता चलता है कि पार्टी दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। के अन्नामलाई का तमिलनाडु की डीएमके और एआईएडीएमके जैसी पार्टियों से कड़ा मुकाबला है। दोनों दलों के समर्पित कार्यकर्ता हैं और यह तमिलनाडु की राजनीति में काफी महत्वपूर्ण है। एक्स पर एक पोस्ट में अन्नामलाई ने कहा- ₹तमिलनाडु में ईमानदार राजनीतिक बदलाव के लिए, युवा राजनीति की शुरूआत के लिए, सभी के लिए समान अवसरों के फलने-फूलने के लिए, पूरे देश में कोंगु भूमि के गौरव की पहचान के लिए, कोयंबटूर को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए मैं कोयंबटूर संसदीय क्षेत्र के सभी वोटरों से कमल के निशान पर वोट करने का आग्रह करता हूं।"

पढ़ें, शेष पेज 2

# दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है, देश की सीमाएं अब सुरक्षित हैं : योगी आदित्यनाथ

## भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में योगी आदित्यनाथ ने बनाया साठा चौरासी में माहौल

**धौलाना, करंट क्राइम।** योगी आदित्यनाथ इन दिनों पश्चिम यूपी को आगामी लोकसभा में मजबूत बनाने के लिए ताबड़तोड़ सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। इसी कड़ी में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिलखुवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। बहन-बेटी-व्यापारी सुरक्षित हुआ है। साथ ही 1947 में पाकिस्तान बना। आज पाकिस्तान में 22 करोड़ की आबादी भूखे मरने की स्थिति में है, जबकि भारत में मोदी सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है। मोदी सरकार में देश सुरक्षित है।



### बोले योगी बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं मोदी

**करंट क्राइम :** यूपी के सीएम योगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना भेदभाव के सबका काम कर रहे हैं। देश मजबूत हो रहा है। इसी के साथ जहां कभी दंगे लोगों के जीवन को रोकते थे वहां अब यात्राएं आयोजित हो रही हैं।

### 500 वर्षों बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मोत्सव मनाने का अवसर मिला : योगी

**करंट क्राइम :** योगी आदित्यनाथ ने कहा, कल अयोध्या में 500 वर्षों बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मोत्सव मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। कल अयोध्या में जो हुआ, क्या सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकार में ये हो पाता? क्या वे पार्टियां राम मंदिर का निर्माण करवा पातीं? विपक्षी सरकारों ने तो उत्तर प्रदेश को दंगा और कर्फ्यू की चपेट में ला दिया था। आज इस क्षेत्र में बिना रोकटोक कांवड़ यात्रा भव्य तरीके से निकलती है।



## पिलखुवा और धौलाना से मुझे मिलेगा भरपूर आशीर्वाद : अतुल गर्ग



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का कहना है कि पिलखुवा और धौलाना के लोग उनसे कभी नाराज नहीं हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह जब उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री थे, तो यहां के लोगों के किसी भी शिकायती पत्र को मिलने पर तत्काल इसका संज्ञान लेते थे और खुद फोन नंबर पर लोगों से बातचीत पर उनकी समस्या को हल करवाने का काम करते थे। इस दौरान मंच से मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में अतुल गर्ग ने यहां के लोगों को भरोसा दिलाया है कि धौलाना और पिलखुआ का विकास और यहां की स्थिति बदलने के लिए वह संसद भवन में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। इसके बाद स्थानीय लोगों और वहां मौजूद कार्यकताओं ने मोदी सरकार और योगी जिंदाबाद के नारे भी लगाए।



### मोदी सरकार ने दी मेट्रो सुविधा

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री ने कहा, साल-2014 में जब नरेंद्र मोदी की सत्ता आई, तब देश के 5 शहरों में मेट्रो थी। आज देश के 20 शहरों में मेट्रो सुविधा है। इसमें छह शहर सिर्फ उत्तर प्रदेश के हैं। तब 7 एम्स थे, आज 22 एम्स हैं। स्ट्रक्चर ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। बहन-बेटी-व्यापारी सुरक्षित हुआ है।

### मंच पर नजर आए ये चहरे

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के पशचिम यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, विधायक धर्मेश तोमर, लज्जा रानी गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर मौजूद रहे।

# भाजपा सांसद मनोज तिवारी पहुंचे दैनिक करंट क्राइम के नोएडा सेक्टर-63 स्थित डिजिटल ऑफिस



उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद एवं भोजपुरी सुपर स्टार मनोज तिवारी का दैनिक करंट क्राइम सेक्टर-63 डिजिटल कार्यालय पर आगमन हुआ। जहां पर दैनिक करंट क्राइम की नोएडा यूनिट की टीम ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मनोज तिवारी से उनके चुनाव और व्यवसायिक जीवन पर विस्तार से बातचीत हुई। इस मौके पर टीम के डिजिटल हेड दीपक जोशी एवं पोर्टल के डिजाइन हेड रविन्द्र शर्मा ने उनका स्वागत किया। दीपक जोशी से उन्होंने करंट क्राइम के डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी ली। साथ ही दैनिक करंट क्राइम की न्यूज एंकर अनुष्का से उन्होंने विभिन्न विषयों पर पूरी बेबाकी से अपनी बात रखी। पेश है बातचीत के अंश।







## विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा, टीम करंट क्राइम ने किया स्वागत



**मनोज तिवारी जी आपका स्वागत है करंट क्राइम के डिजिटल ऑफिस में।**

मैं आपको भी आपके चैनल की शुभकामना देता हूं।

**आप बड़े सेलिब्रेटी हैं, राजनेता है। सभी आपका नाम मनोज तिवारी जानते हैं। आपका नाम मृदुल कैसे पड़ा?**

देखिए मैं बचपन से ही शांत स्वाभाव का था और एक गायक था। किसी भी गायक को मीठे स्वाभाव को होना भी चाहिए। यही देखकर टी-सीरिज के मालिक गुलशन कुमार ने मुझसे कहा की तुम बड़े मृदुल स्वाभाव के हो। इसलिए अपने नाम के आगे मृदुल जोड़ दिया जाए। उस दिन से मेरा नाम मृदुल पड़ गया।

**आपने फर्श से अर्श तक का सफर तय किया, कैसी रही आपकी यह यात्रा?**

देखिए जीवन यात्रा तो अंतिम क्षणों तक चलती रहती है, लेकिन मेरी यात्रा काफी गरीबी से शुरू हुई थी। मेरे पास कुछ खरीदने के पैसे का अभाव था। यहां तक की साईकिल तक पर चलने जैसा मेरा ख्वाव रहा करता था। मैंने काम सीखने के लिए ड्राइविंग सिखी और गायकी सीखने के लिए पार्ट टाइम ड्राइविंग करना। लोगों के सामान को भी सिर पर रखकर पहुंचाया। इसलिए सभी को कहना चाहता हूं कि गरीबी का आनंद लीजिए। अब पलट कर देखता तो आंख में आंसू और खुशी दोनों ही का अनुभव होता है। इसलिए मैं किसी भी गरीब का दर्द नहीं देख पाता और मुझसे जो हो सकता है उनकी सहायता हेतु तत्पर हो जाता हूं।

**आपके क्षेत्र में आपकी और क्या उपलब्धियां हैं?**

10 वर्षों में हमने बहुत ऐसे कार्य किए हैं जिन पर हमें गर्व है। खास बात यह है कि हमारे सांसद बनने से पहले कोई नहीं कह सकता था, कि शास्त्री पार्क से सीलमपुर तक भयंकर जाम की समस्या से निजात मिल पायेगी। लेकिन हमने अथक प्रयास और लोगों के सहयोग के बलबूते शास्त्री पार्क फ्लाईओवर का निर्माण कराया और सलीमपुर फ्लाईओवर का चैड़ीकरण भी हुआ। 303 करोड़ रुपये की लागत से सीलमपुर शास्त्री पार्क फ्लाईओवर बनवाया, जिसके लिए आमरण अनशन तक करना पड़ा। शिव विहार तक की पहली मेट्रो में खुद बैठकर आए। अब दिल्ली सरकार के असहयोग के बावजूद प्रधनमंत्री मोदी जी की पहल से पहली ट्रिपल डेकर मेट्रो लाइन तैयार कराई है। तीन केंद्रीय विद्यालय, यमुना विहार पोसपोर्ट ऑफिस तो सोनिया विहार जलाशय जहां अंडरग्राउंड जल को स्टोरेज करने की प्रचूर व्यवस्था है। जिससे उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों को भरपूर पानी मिलेगा और कभी पानी की कमी नहीं होगी। अपने क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 बी बनने से पूर्णतया जाम मुक्त लोकसभा क्षेत्र को कराया। इसी के साथ ऐलिवेटेड रोड से आप दिल्ली और उत्तर प्रदेश मिनटों में पहुंच सकते हैं। ऐसे अनेकों कार्य हैं, जिसे हमारी जनता जानती है। हमने ही पहली बार अपने लोकसभा क्षेत्र में गली मोहल्ला क्रिकेट एवं अन्य खेलों को बढ़ावा दिया। जिसे 2016 में शुरू कराया था। जिसे बाद में अरूण जेटली इंटरनेशनल स्टेडियम में संपन्न कराया जो निरंतर चालू है। छठ पर्व की सफाई हेतु अभियान, यमुना सफाई अभियान की शुरू हमने ही की थी और छठ पर्व पर दिल्ली में एक दिन का अवकाश घोषित कराया गया।



**आपकी उपलब्धियां अनेकों हैं उनके सिग्नेचर ब्रिज को आप कैसे देखते हैं जिसका श्रेय आपसे छीन लिया गया?**




कोई भी पार्टी या विपक्ष किसी के कार्यों को नहीं छीन सकता। क्योंकि श्रेय देना जनता का काम है और जनता जानती है हमने राष्ट्रपति शासन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के सपने को सार्थक किया और पहले 70 करोड़ का रूका फंड उपलब्ध कराया बाद में 1518 करोड़ की लागत से हमारी सरकार ने सिग्नेचर ब्रिज को तैयार कराया। जिसका फिता काटने केजरीवाल पहुंच गए और हमारे साथ सबको पता कितनी अभद्रता की। यह तो केजरीवाल की पुरानी आदत किसी के काम का श्रेय वो ले ही लिया करते हैं।





**आपकी लोकसभा सीट हॉटसीट मानी जाती हैं, इसे किस तरह देखते हैं?**

ऐसा मेरा मानना नहीं सब सामान्य ही है। यह सब आम आदमी पार्टी की फैलाई हुई बात है। उनके नेता केजरीवाल कहते हैं वह शुगर के पेशेंट हैं लेकिन आजकाल सुना जेल में उनका खानपान काफी बढ़ गया है । आप बिमार हैं ,तो खाने में परहेज रखें, जेल से हॉस्पिटल जाने की जल्दबाजी न करें। बाकी हमने पहले भी कहा सब कुछ सामान्य ही है।

**आपके सामने इस बार कन्हैया कुमार लड़ रहे हैं, क्या आप इसे चुनौती के रूप में मानते हैं, क्योंकि पूर्वांचल बनाम पूर्वांचल सुर्खियों में है?**

जी बिल्कुल नहीं पूर्वांचल के लोगों के बारे में हमें समझना होगा क्योंकि वहां का व्यक्ति दिल से जुड़ा होता है। वह पहले जय उत्तर प्रदेश या बिहार नहीं कहता पहले भारत माता की जय या जय हिंद कहता है। वहां के लोग कतई ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करते, जो भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार कहकर आया हो। दूसरा जिसने हमारी सेना का अपमान किया हो। हम ऐसे लोगों को चुनौती नहीं जानती। यह तो कांग्रेस की उपज है। आप इतना जान लीजिए जो केवल अभी से एक वर्ग को मान्यता दिलाने की बात करता हो वह आगे क्या करेगा। जबकि हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने सबका साथ ,सबका विकास का नारा दिया है। आज सुकन्या योजना , आयुष्मान योजना, आवास योजना, मुद्रा लोन योजना, उज्जवला योजना का सभी लोग लाभ उठा रहे हैं। जनता सब जानती है हमें पूरा विश्वास है हमें पहले से भी अत्याधिक प्यार मिलेगा।

# प्राइवेट फाइनेंसर वसूलता रहा था कई गुना ब्याज, इसीलिए हुआ था जानलेवा हमला, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोली घटना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)**। कवि नगर थाना पुलिस ने 16 अप्रैल को आरडीसी इलाके में कोऑपरेटिव बैंक के बाहर सर्विस लेन में लोकेश उर्फ नीलू पर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना को केवल दो दिन के भीतर खोला है।

आरोपी दोनों सगे भाई हैं, पुलिस का कहना है कि राजनगर में फूड प्वांइट चलाने वाले राशिद ने लीलू से लगभग डेढ़ लाख रुपये दो साल पहले उधर लिए थे। लीलू इनसे कई गुना अब तक वसूली कर चुका था और पांच लाख रुपये की डिमांड कर रहा था। जिससे परेशान होकर राशिद और उसके भाई साबिर ने यह जानलेवा हमला किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की मोटरसाइकिल, 30 की पिस्टल, दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की है। गुरुवार को एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव व डीसीपी ने वार्ता कर खुलासा किया है।

### मोटरसाइकिल के रंग और हुलिये से हुई आरोपियों की पहचान

**करंट क्राइम**। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि आरोपी राशिद आरडीसी में फूड वैन चलता है और साबिर उसका भाई है। दोनों लोकेश उर्फ नीलू द्वारा लगातार ब्याज के पैसों पर कई गुना पैसे मांगने को लेकर नाराज थे और दोनों की कई बार कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि लीलू मानता नहीं था और वह पांच लाख रुपये की डिमांड कर रहा था। जिस वजह से दोनों ने यह जानलेवा हमला किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए दोनों तक अपनी पहुंच बनाई थी। वहीं कवि नगर एसएचओ योगेंद्र मलिक, चौकी प्रभारी यतेंद्र, क्राइम टीम के उपनिरीक्षक अशोक तोमर ने खुलासे के लिए जमकर मेहनत की थी।


### चार दिनों तक की थी राशिद और साबिर ने लोकेश की रेकी

**करंट क्राइम**। कवि नगर थाना पुलिस से जानकारी मिली है कि आरोपी राशिद और साबिर लोकेश की पिछले तीन-चार दिनों से रेकी कर रहे थे। लोकेश इनसे पांच लाख रुपए की डिमांड कर रहा था लेकिन इनका कहना है कि यह ढ़ाई लाख रुपए से अधिक दे चुके थे और लगातार लोकेश इन पर दबाव बना रहा था। जिस वजह से इन्होंने गोली चलाने का फैसला दिया था।

### पीड़ित लोकेश की हालत है अभी स्थिति

**करंट क्राइम**। पुलिस का कहना है कि अभी लोकेश चौधरी उर्फ लीलू अस्पताल में उपचाराधीन है। उनकी रीढ़ की हड्डी में जो गोली लगी थी, वह काफी गंभीर है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच के बाद लीलू द्वारा बिना किसी लाइसेंस के ब्याज का धंधा करने पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

# ईडी का कोर्ट में दावा जानबूझ कर जेल में मीठा खा रहे हैं अरविंद केजरीवाल, ताकि मिल जाए जमानत



**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने जवाब दाखिला किया है। ईडी ने दावा किया है कि केजरीवाल जेल जानबूझ कर मीठा खा रहे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं. इस बीच केजरीवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचिका दायर की थी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जिस पर गुरुवार को ईडी ने अपना जवाब कोर्ट में दिया है।

### ईडी का दावा

ईडी ने दावा किया है कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें जमानत मिल जाए. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह दावा सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष किया, जिन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा गया है। डाइट चार्ट में आम और मिठाइयां थीं, हमने इसे अदालत के सामने रखा है। वह विशेष रूप से मीठा भोजन खा रहे थे। जिसकी किसी भी मधुमेह रोगी को अनुमति नहीं है." ईडी ने अदालत को बताया, टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद अरविंद केजरीवाल उच्च चीनी सामग्री वाले भोजन खा रहे हैं। वह रोजाना 'आलू पूरी', आम, मिठाई खा रहे हैं। यह चिकित्सा जमानत के लिए आधार बनाने के लिए किया जा रहा है।

# मेयर के लिए महेश खींची और डिप्टी मेयर के लिए रविंद्र भारद्वाज उम्मीदवार, आप का एलान





**नई दिल्ली**। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली मेयर पद के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से उम्मीदवार महेश कुमार खांची होंगे। करोल बाग के देव नगर वार्ड-84 से पार्षद हैं। लंबे समय से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने मेयर पद के लिए उम्मीदवार का एलान कर दिया है। आप नेता गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली मेयर पद के लिए आम आदमी पार्टी की ओर से उम्मीदवार महेश कुमार खांची होंगे।

ये करोल बाग के देव नगर वार्ड-84 से पार्षद हैं। लंबे समय से पार्टी के लिए काम कते रहे हैं। इन्होंने जमीनी स्तर से काम शुरू किया। सबसे पहले बूथ प्रेजिडेंट, फिर वार्ड प्रेजिडेंट बने। इसी के साथ आम आदमी पार्टी ने डिप्टी मेयर पद के लिए रविंद्र भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया है, जो अमन विहार से पार्षद हैं। वहीं, महेश खींची और रविंदर भारद्वाज ने दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है।

गोपाल राय ने कहा, 'भाजपा चंडीगढ़ में मेयर बनाने के लिए वोट चुराने की हद तक चली गई। दिल्ली की जनता ने अअढ को बहुमत दिया है, पहले भी हमने सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा था और हमारा मेयर बना था, उसी तरह इस बार भी अअढ का मेयर बनेगा।' इससे पहले दो बार हुए मेयर पद के चुनाव में और निगम सदन की बाकी सभी बैठकों में जमकर हंगामा देखने को मिला है। किसी भी बैठक में निगम से जुड़े विकास कार्यों पर चर्चा नहीं हो पाई है, लेकिन इस बार के सदन की मीटिंग में ये देखना दिलचस्प होगा कि पहले जहां सदन में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के खिलाफ दिखाई देते थे, वहीं इस बार कांग्रेस के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का निर्णय लिया है, इसलिए उम्मीद है कि गठबंधन दल इस बार ज्यादा मजबूती के साथ नजर आएगा। कांग्रेस सदस्यों का सिटिंग प्लान बदल जाएगा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस के सदस्यों का निगम सदन में सिटिंग प्लान बदल जाएगा। पहले कांग्रेस दल के सदस्य विपक्ष में शामिल होते थे, तब ये सदन में बांयी तरफ सबसे आगे बैठते थे, लेकिन आप को समर्थन देने के बाद इन्हें आप के पीछे बैठना पड़ेगा। एमसीडी का कार्यकाल पांच साल का होता है। हर वित्त वर्ष के पहले माह में होने वाली सदन की पहली आम सभा की बैठक में मेयर का चुनाव होता है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय का कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त हो गया है। वह लगातार दो बार एकीकृत एमसीडी की मेयर रहीं।

एमसीडी का चुनाव 4 दिसंबर 2022 को होने के बाद 7 दिसंबर को नतीजे आए थे। जिसमें आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा वार्डों में जीत हासिल हुई। इसके बाद डॉ. शैली ओबरॉय पहली बार 22 फरवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक मेयर रहीं। उनका ये कार्यकाल मात्र 39 दिन का रहा। लेकिन अगली बार वे फिर से मेयर चुनी गईं और पूरे एक साल उन्होंने जिम्मेदारी निभाई। एमसीडी के नियमानुसार मौजूदा कार्यवाहक मेयर होने के नाते डॉ. शैली को अगले मेयर के चुनाव कराने के लिए निगम की साधारण सभा की बैठक की तारीख तय करनी थी। बुधवार को सुबह मेयर ने तारीख तय करके निगम सचिव को भेजी।

### 26 अप्रैल को होगा चुनाव

मेयर का चुनाव 26 अप्रैल की सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें दिल्ली नगर निगम के 250 सदस्य, दिल्ली के 7 सांसद, 3 राज्यसभा सदस्य और 14 विधायक हिस्सा लेंगे। यदि भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों दलों के प्रत्याशी चुनाव में हिस्सा लेंगे तो इस दिन फिर से निगम सदन के अंदर भारी कोलाहल देखने को मिल सकता है।

### एमसीडी में भी एक साथ रहेगा आईएनडीआई गठबंधन

गोपाल राय ने कहा कि एमसीडी में भी आईएनडीआई गठबंधन एक साथ रहेगा। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में वोट चोरी का खेल पूरे देश ने देखा था। आम आदमी पार्टी भाजपा की हर साज़िश का मुकाबला करेगी। एमसीडी चुनाव में इस बार अअढ और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी और भाजपा की किसी भी साजिश को पूरा नहीं होने दिया जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग की अनोखी पहल: ओपीडी पर्ची पर मुहर लगाकर वोटरों को किया जा रहा जागरूक

## हरियाणा में 25 मई को मतदान




**हरियाणा**। हिसार जिले में आम नागरिकों से लेकर अलग-अलग संस्था लोगों को मतदान के लिए मतदाता जागरूकता के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं।नागरिक अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति की ओपीडी स्लिप पर लगने वाली मुहर पर 25 मई को मतदान करने की बात कही गई है। हरियाणा में 25 मई को छठे चरण का चुनाव किया जाना है। जिसके लिए प्रशासन अपना सौ प्रतिशत मतदान करवाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में चुनाव के दौरान अपना अमूल्य वोट देने के लिए अलग-अलग तरीके से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। इसी जागरूकता में 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' की तर्ज पर हांसी नगरिक हॉस्पिटल में मरीजों के बनने वाली ओपीडी पर्ची में चुनाव की तिथि व युवाओं को वोट बनावने व साथ ही छठे चरण के चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की बात भी कही गई है। बताया जा रहा है कि हिसार में लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद हिसार उपायुक्त के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया। हिसार जिले में आम नागरिकों से लेकर अलग-अलग संस्था लोगों को मतदान के लिए मतदाता जागरूकता के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। हरियाणा में छठे में चरण में मतदान होना है, जिसमें चुनाव 25 मई को होना है। हांसी नागरिक हॉस्पिटल की ओपीडी रसीद में मरीजों को उनके नाम की रसीद बनाने के साथ ही लगने वाले सील में मतदान के लिए जागरूकता लाने की पहल की है। नागरिक अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति की ओपीडी स्लिप पर लगने वाले सील में 25 मई को मतदान करने की बात कही गई है।

### स्लिप देने के साथ ही बताया जा रहा है चुनाव की तारीख को

हॉस्पिटल के एसएमओ डॉ राहुल बुद्दीराजा ने बताया कि हिसार सीएमओ के निर्देश पर उपचार कराने के लिए जितने भी मरीज को लेकर उनके रिश्तेदार नागरिक अस्पताल में आते हैं। उन्हें पर्ची देने के साथ ही मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों के साथ ही शहरी क्षेत्रों से आने वाले आमजनों को 25 मई की सुबह मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करने की बात भी कही जा रही है, साथ ही स्लोगन के रूप में चुनाव का पर्व देश का गर्व भी बताया गया है।

# लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण आज




**नई दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर सीट पर उम्मीदवार हैं। उनके विजयी होने पर इस सीट पर यह उनकी लगातार तीसरी जीत होगी। इस सीट पर गडकरी के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार विकास ठाकरे चुनाव मैदान में हैं। ठाकरे वर्तमान में नागपुर पश्चिम से विधायक हैं। हाल ही में नितिन गडकरी ने नागपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए 'वचन नाम' (घोषणापत्र) जारी किया।

उन्होंने कहा कि, "हमारी योजना नागपुर में जैविक फल, सब्जियां और खाद्यान्न बाजार खोलने की है।" नितिन गडकरी ने पार्टी की ओर से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद ही कहा था कि, मैं अपनी जीत को लेकर 101 प्रतिशत आश्वस्त हूं। इस बार मैं बहुत अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगा। जनता के समर्थन, उनके उत्साह, पार्टी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत को देखते हुए मैं 5 लाख से अधिक के अंतर से जीतने की पूरी कोशिश करूंगा। सन 2019 के लोकसभा चुनावों में नितिन गडकरी ने 55 I7 प्रतिशत के भारी वोट शेयर के साथ जीत दर्ज की थी। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष नाना पटोले को 2,16,009 वोटों के अंतर से हराया था।

सीट पर जीतनराम मांझी एनडीए के उम्मीदवार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी बिहार की गया सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 79 साल के मांझी के लिए यह चुनाव काफी राजनीतिक अहमियत रखता है। गया में सबसे अधिक 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव में बीजेपी ने गया (रिजर्व) सीट अपने सहयोगी दल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा-सेक्युलर (ऌअट-र) के लिए छोड़ दी है। इस बार जीतन राम मांझी और पूर्व मंत्री व आरजेडी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत का मुकाबला है।

पूर्व में इस सीट का नेतृत्व जेडीयू के विजय कुमार उर्फ विजय मांझी ने किया था। पिछले लोकसभा चुनाव में जेडीयू उम्मीदवार ने जीतनराम मांझी को 1 I52 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव में उनकी पार्टी एचएएम महागठबंधन का हिस्सा थी। जीतनराम मांझी ने पहले कहा था कि हर कोई 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगा रहा है। उन्होंने कहा, ₹हम जहां भी जा रहे हैं, हर कोई 'अबकी बार 400 पार' के नारे लगा रहा है। लोग खुद कह रहे हैं कि वे पीएम मोदी को वोट देंगे। हमें कोई चुनौती नहीं दिख रही है।

**गौरव गोगोई इस बार काजीरंगा की जगह जोरहाट से मैदान में**

असम की जोरहाट सीट पर कल होने वाले मतदान से यह तय होगा कि लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई इस बार भी सदन में पहुंच पाएंगे या नहीं। यह क्षेत्र बीजेपी का गढ़ माना जाता है। हालांकि कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के अपने परिवार के गढ़ काजीरंगा (तत्कालीन कलियाबोर), जहां से वे मौजूदा सांसद हैं, के बजाय जोरहाट से चुनाव लड़ने के फैसले ने इस बार मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। जोरहाट में गौरव गोगोई के खिलाफ मौजूदा सांसद टोपोन कुमार गोगोई चुनाव लड़ रहे हैं। साल 2019 के चुनाव में टोपोन को 5,43,288 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार सुशांत बोरगोहेन को 4,60,635 वोट मिले थे।

### क्या वरुण गांधी की सीट पर सफल होंगे जितिन प्रसाद?

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रमुख चेहरों में जितिन प्रसाद भी शामिल हैं। सन 2021 में कांग्रेस छोड़ने वाले प्रसाद पीलीभीत सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार हैं। वे पीलीभीत से दो बार सांसद रहे वरुण गांधी की जगह इस बार बीजेपी के प्रत्याशी हैं। बीजेपी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए अधिकांश सीटें हासिल की थीं। जितिन प्रसाद के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने भगवंत सरन गंगवार को और बहुजन समाज पार्टीने अनीस अहम्स खान को मैदान में उतारा है। जितिन प्रसाद ने 2004 के चुनाव में शाहजहांपुर से और 2009 के चुनाव में धारौरा सीट से जीत हासिल की थी। साल 2019 के चुनावों में बीजेपी नेता फिरोज वरुण गांधी ने पीलीभीत सीट पर 59 I4 प्रतिशत वोट (704,549 वोट) पाकर उल्लेखनीय जनादेश हासिल किया था।

### नकुल नाथ से छिंदवाड़ा छीनने के लिए बीजेपी लगा रही ताकत

सन 2019 के चुनाव में कांग्रेस द्वारा जीती गई मध्यप्रदेश की इकलौती सीट छिंदवाड़ा को छीनने में बीजेपी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा सीट से बीजेपी उम्मीदवार विवेक बंटी साहू के खिलाफ फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। साहू पिछले दो विधानसभा चुनावों में कमल नाथ से हार चुके हैं। बीजेपी ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में पहले ही दिखा दिया है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में उसका पलड़ा भारी है। साल 2019 के चुनाव में कांग्रेस नेता नकुल नाथ को कुल 47 I1 फीसदी वोट शेयर था, जबकि पराजित हुए बीजेपी उम्मीदवार 44 I1 फीसदी वोटों के आंकड़े तक पहुंच गए थे। मध्य प्रदेश में कुल 29 लोकसभा सीटें हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नकुल नाथ ने कहा था कि, "मुझे पूरा विश्वास है कि छिंदवाड़ा की जनता मुझे फिर से अपना प्यार और आशीर्वाद देगी।"

# मतदान से पहले बड़ा उलटफेर: एलान के 8 दिन बाद बसपा ने प्रत्याशी को पार्टी से निकाला, टिकट भी काटा



**झांसी**। बसपा ने झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी राकेश कुमार कुशवाहा को बुधवार को घोषणा के आठ दिन बाद ही पार्टी से निकाल दिया। जिलाध्यक्ष भी हटा दिए। मंडल प्रभारी कैलाश पाल का भी कद घटा दिया, उन्होंने ललितपुर का जिला प्रभारी बनाया है।

बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से अपने प्रत्याशी राकेश कुमार कुशवाहा बरुआ को घोषणा के आठ दिन बाद ही अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटाकर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। निष्कासन की विज्ञप्ति शाम को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने जारी की है। कैलाशपाल को मंडल प्रभारी पद से हटाकर ललितपुर का जिला प्रभारी बनाया गया है। अभी नए प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। बहुजन समाज पार्टी ने काफी इंतजार के बाद 9 अप्रैल को झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट से राकेश कुशवाहा बरुआ को प्रत्याशी घोषित किया था।

इसकी घोषणा बुंदेलखंड के चीफ कोआर्डिनेटर लाला राम अहिरवार ने कार्यकर्ता सम्मेलन में की थी। इस दौरान दोनों मंडल प्रभारी कैलाश पाल और बीडी फुले, जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार मौजूद थे। बुधवार की शाम को बसपा की ओर से जिलाध्यक्ष बीके गौतम ने राकेश कुशवाहा बरुआ के पार्टी से निष्कासन की विज्ञप्ति जारी की। निष्कासन का कारण अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होना बताया गया है। इस संबंध में बुंदेलखंड के चीफ कोआर्डिनेटर लाला राम अहिरवार ने बताया कि राकेश कुशवाहा को निष्कासित करने के साथ ही जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर बीके गौतम को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। कैलाश पाल को मंडल प्रभारी पद से हटाकर ललितपुर का जिला प्रभारी बनाया गया है। उधर, राकेश कुशवाहा बरुआ का कहना है कि उन्हें पार्टी सुप्रीमो मायावती की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है।

### गुटबाजी के चलते प्रत्याशी के निष्कासन की चर्चा

बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा को लेकर काफी दिनों तक अटकलें लगाई गई थीं, लेकिन जातिगत समीकरणों का ध्यान रखते हुए पार्टी ने कुशवाहा समाज से राकेश कुशवाहा बरुआ को प्रत्याशी घोषित किया। प्रत्याशी की घोषणा के बाद से पार्टी का एक गुट असंतुष्ट था। चर्चा है कि इसी के चलते पार्टी के कार्यक्रमों की रफ्तार थमी हुई थी। यह मामला बसपा सुप्रीमो मायावती तक पहुंचाया गया। बताया जाता है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता और पुराने कार्यकताओं से यहां की पूरी जानकारी लेने के बाद प्रत्याशी को हटाने का निर्णय लिया है।

# बैरक में कांग्रेस के जनरल-कर्नल...राहुल, खरगे का उत्तराखंड में होता रहा इंतजार, सेना पर दारोमदार



**देहरादून**। प्रियंका गांधी और सचिन पायलट को छोड़ उत्तराखडं में प्रचार करने कोई स्टार प्रचारक नहीं आया। राहुल, खरगे, खुर्शीद, हिमाचल सीएम सुखविंद्र सुक्खू का उत्तराखंड में इंतजार होता रहा। लोकसभा चुनाव के रण में उतरने के बजाय कांग्रेस के जनरल-कर्नल यानी केंद्रीय नेता बैरक में ही रहे। प्रचार का सारा दारोमदार चुनावी समर में उतारे गए सेनापतियों और सेना पर रहा है। प्रचार खत्म होने के तीन दिन पहले पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की दो लोकसभा सीटों पर जनसभा करने के लिए वक्त निकाला। प्रचार के आखिरी दिन सचिन पायलट मैदान में उतरे। स्टार प्रचारक के तौर पर इमरान प्रतापगढ़ी भी आए। अल्मोड़ा और टिहरी सीट पर पार्टी के किसी बड़े नेता की चुनावी रैली नहीं हुई। प्रचार के लिए राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, सलमान खुर्शीद, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का इंतजार होता रहा। पहले चरण में उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।

चुनाव प्रचार थम गया है। कांग्रेस पांचों सीटों पर जीत का दावा कर रही है, लेकिन चुनाव प्रचार में मोर्चा संभालने के लिए पार्टी के बड़े नेता बैरक से बाहर नहीं निकले। उत्तराखंड में चुनाव प्रचार के लिए हाईकमान ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी। इसमें 10 नाम केंद्रीय नेताओं के शामिल थे। प्रियंका गांधी ने गढ़वाल सीट के रामनगर और हरिद्वार सीट के रुड़की में चुनावी जनसभा की। स्टार प्रचारकों की सूची में नाम न होने के बावजूद राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी प्रचार के लिए पहुंचे।पायलट ने हल्द्वानी में चुनावी रैली कर नैनीताल सीट से पार्टी प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट मांगे, जबकि इमरान ने पिरान कलियर में रैली कर हरिद्वार सीट से प्रत्याशी वीरेंद्र रावत के लिए प्रचार किया। लेकिन, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सुक्खू, जितेंद्र सिंह, सलमान खुर्शीद, गुरदीप सिंह सप्पल, अमरिंद्र सिंह राजा का प्रचार के लिए समय नहीं मिला।

### प्रचार में कहीं नजर नहीं आए हरक सिंह रावत

कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में शामिल पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत चुनाव प्रचार में कहीं नजर नहीं आए। ईडी की जांच में घिरे हरक सिंह घर से बाहर नहीं निकले और न ही पांचों सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में कोई बयान दिया। हालांकि, हरक सिंह की बहू अनुकृति गुसाईं कांग्रेस से इस्तीफा दे चुकी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनुकृति ने लैंसडौन सीट से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ा था।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 19 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित













# सेवा के लिए राजनीति में आया हूं और मिल रहा है मुझे सभी वर्गों का पूर्ण समर्थन : नन्द किशोर पुण्डीर

## बसपा लोकसभा उम्मीदवार का करंट क्राइम से आमना-सामना




**करंट क्राइम।** इस बार बसपा ने गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ठाकुर कार्ड खेला है। बड़ी बात ये है कि यहां बसपा ने भाजपा से आये नन्द किशोर पुण्डीर को उम्मीदवार बनाया है। नन्द किशोर पुण्डीर राजनीति के मैदान में काफी समय से है और वो इसे समाज सेवा का जरिया मानते हैं। समाज के मानसम्मान के साथ क्षेत्र का विकास कराने की वो बात कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने आमना सामना में बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुण्डीर से बात की। विभिन्न विषयों पर उनकी राय जानी। नन्द किशोर पुण्डीर ने भी यहां खुलकर यहां अपनी बात रखी। उन्होंने क्षत्रिय समाज की बात भी रखी और सर्व समाज की बात भी रखी।





**करंट क्राइम : आपने भाजपा की लंबी पारी खेली है और भाजपा छोड़ने के क्या कारण रहे हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** भाजपा छोड़ने के मुख्य कारण यहीं हैं कि यह पार्टी सर्वणों ने उठाई। लेकिन जब सत्ता में भाजपा तो सबसे पहले सर्वणों की अनदेखी की गई। क्षत्रिय समाज की तो पूरे देश में मिलकर अनदेखी की गई है। मैं आपको याद दिलाऊं की वर्ष 2009 में 120 सांसद मेरे समाज से थे और आज ये 20-25 से ज्यादा नहीं आयेंगे। 2012 में 101 से ज्यादा विधायक थे आज 42 रह गये हैं। यही पार्टी रही कि राजनीति समाज सेवा का एक माध्यम है। भाजपा राष्ट्रहित की पार्टी है लेकिन जब लंबे समय से मौका नहीं दिया तो फिर समाज सेवा कैसे करेंगे। मेरी उम्र भी अब 50 वर्ष हो चुकी है। आप समझ सकते हैं कि राजनीति में कुछ फैसले समय से लिये जाते हैं। अगर मैं चुनाव लड़ने का निर्णय नहीं लेता और पार्टी टिकट नहीं देती तो मैं सेवा कैसे करता। बसपा में आकर चुनाव लड़ने का उद्देश्य भी सेवा भाव ही है।



**करंट क्राइम : आप गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आये हैं इसके पीछे क्या मुख्य उद्देश्य है?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** उद्देश्य यही है कि सत्ताधारी पार्टी ने यहां के लोकल मुद्दों को पूरा नहीं किया। यहां की जनता त्रस्त है। मुख्य मुद्दा यहां की सीवरेज व्यवस्था का ध्वस्त होना है। मैने अपनी खुद अपनी आखों से देखा है कि यहां अंडर पास में गाड़िया डूब जाती हैं। प्रदूषण की समस्या है ट्रैफिक जाम की समस्या है। सबसे बड़ी बात यह है कि खोड़ा, विजयनगर और नन्द ग्राम जैसे इलाकों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है।

**करंट क्राइम : आप गाजियाबाद की बातें इतनी बारीकी से बता रहे हैं जैसे आप गाजियाबाद में ही रहते हों आपका गाजियाबाद से इतना जुड़ाव कैसे है?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मैं इसलिए जानता हूं क्योंकि मैनें यहा 12 साल काम किया है। यहां गली-गली चप्पे-चप्पे से मैं वाकिफ हूं। मैं छोटी सी निर्माण की कंपनी चलाता हूं और मेरी ससुराल यहीं एनटीपीसी दादरी में है। ये मेरा पैत्रक शहर है और मुझे यहां की दशा का पता है। मैंने यह निर्णय लिया है कि मैं यहां का सांसद बनकर 24 घंटे जनता की सेवा करूं। अगर भगवान ने मुझे मौका दिया और बहन कु ० मायावती देश की प्रधानमंत्री बनीं तो वह मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर काम करेंगी जिसे आज देश की जनता को जरूरत है।

**करंट क्राइम : भाजपा आपने इस वजह से छोड़ी लेकिन बसपा में आकर चुनाव लड़ने के पीछे आपकी क्या सोच रही है?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मेरा शुरू से ये मानना है और यहां पर लोकसभा सबसे बड़ी पंचायत है। देश हित में मंहगाई, भ्रष्टाचार और रोजगार मुद्दा है और वहीं मैं सांसद बनने पर गरीबों के लिए निशुल्क शिक्षा, फ्री चिकित्सा और रोजगार की व्यवस्था करूंगा। मैं सरकारी पैसे को इमदाद में बांटने का समर्थन नहीं करता क्योंकि इससे देश का भला नहीं होता। जनता को समझाने का प्रयास करूंगा कि टैक्स देकर ही देश तरक्की की राह पर चलता है।

**करंट क्राइम : आप अपना चुनाव किससे मान रहे हैं, सपा-कांग्रेस गठबंधन से या फिर भाजपा से?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मेरा चुनाव एकतरफा है और यहां 29 लाख वोट हैं। उसमें से 18 लाख वोट मेरे साथ हैं। सपा-कांग्रेस इस मुकाबले में कहीं भी नहीं है।

**करंट क्राइम : आप सर्वण समाज की बात कर रहे हैं लेकिन जिस पार्टी से आप चुनाव लड़ने आये हैं उसका बेस वोटर दलित बताया जाता है।**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** देखो, राजनीति करने के लिए कोई पार्टी जाति कोई पार्टी धर्म की इस्तेमाल करती है। ये राजनीतिक दलों के सत्ता में आने के तरीके हैं। मैं आपकी बात से सहमत हूं लेकिन दलित और राजपूत हमेशा से मिलकर चलते आये हैं। आज तक कोई विरोध नहीं है। यहां विषय दलित और सवर्ण का नहीं है हमें देश की सेवा करनी है। सत्ताधारी पार्टी हवाई फायर करती है और जमीन पर काम नहीं हो रहे हैं। सरकारी योजनाएं गरीब तक नहीं पहुंच रहीं हैं। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार की बात होनी चाहिए। जबकि इन्हीं सबसे दूर है। 10 साल केन्द्र में और साढ़े सात साल प्रदेश में है लेकिन अभी तक काम नहीं किया। आगे क्या उम्मीद करें। सवर्णों का ध्यान नहीं है। देखिये दल कोई बुरा नहीं होता सबके अपने विचार होते हैं। मैं और मेरा समाज हमेशा से राष्ट्रधर्म का पालन करते आये हैं। हमें हमेशा अपने धर्म और देश के लिए काम करेंगे भले ही किसी भी दल में रहें।

**करंट क्राइम : आपने कहा कि आपको समाज का 90 प्रतिशत वोट मिल रहा है तो क्या भाजपा की ठाकुर लॉबी भी आपको आशीर्वाद दे चुकी है?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** बिल्कुल दे चुकी है। समाज के कुछ लोग हैं जिनके पास पद की गरिमा है वो इसलिए सामने नहीं आयेंगे लेकिन मैं आपको बता दूं कि मुझे सभी का आशीर्वाद मिल रहा है।

**करंट क्राइम : अगर आप सांसद बने तो कौन सी योजनाओं का लाभ गाजियाबाद को देना चाहेंगे?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** देखिये यहां समस्या कई हैं और मूलभूत सुविधायें नहीं है। सांसद का विजन है

**करंट क्राइम : कानून व्यवस्था पर आप क्या कहना चाहेंगे?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** कानून व्यवस्था बिल्कुल ठीक नहीं है। उत्तर प्रदेश में तो लोग त्रस्त हैं। हमारे लोगों ने ही सरकार बनाई और अब लोग ही कहते हैं इससे तो पहले की सरकारें ठीक थीं। आज जनता का काम नहीं होता है और नए नए जटिल कानून भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

**करंट क्राइम : व्यापारियों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** व्यापारी से ही देश चलता है। व्यापारी राजस्व देते हैं और वो अर्थव्यवस्था की धुरी होते हैं। यदि मैं सांसद बना तो सिस्टम में मौजूद उन त्रुटियों को दूर कराया जायेगा जो व्यापारी के विकास में बाधक हैं। हम उद्योगपति हित की बात करेंगे और किसी भी वर्ग को नाराज नहीं करेंगे।

**करंट क्राइम : आप जिस गाजियाबाद में चुनाव लड़ने आयें हैं ये गाजियाबाद भाजपा का गढ़ माना जाता है। आपको लगा नहीं कि आप बड़ा रिस्क ले रहे हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** राजनीति में रिस्क लिया जाता है। हम सोच विचार कर राजनीति में सेवा के लिए आये हैं। मेरा बिजनिस चल रहा है और बिजनिस से मैं 100 लोगों का भला कर सकता हूं लेकिन राजनीति में लाखों का भला कर सकता हूं। रही बात भाजपा के गढ़ की तो यहां हमेशा 90 प्रतिशत योगदान मेरे समाज का रहा है। आज जब मेरे समाज को जीरो करने की कोशिश की गई तो मुझे मेरे समाज ने ही आदेश दिया कि आप यहां आओ। वर्ष 2019 में गठबंधन का त्रिकोणीय मुकाबला था। मुझे मेरे समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मैंने अपने समाज के भरोसे पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। मेरे साथ यहां सभी जाति और धर्म के लोग हैं।

**करंट क्राइम : आप गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं यहां कौन से बड़े नेता आपके चुनाव में प्रचार के लिए आ रहे हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मेरे चुनाव को एक एक बसपा कार्यकर्ता लड़ रहा है। सम्पूर्ण क्षत्रिय समाज मेरे चुनाव में है और समाज के सभी वर्गों का मुझे समर्थन मिल रहा है। जहां तक बात पार्टी के बड़े चेहरों की है तो मैं आपको बता दूं कि 7 अप्रैल को बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंनद आ चुके हैं। 21 अप्रैल को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती गाजियाबाद में चुनाव प्रचार के लिए आ रहीं है। चुनाव पूरी ताकत से लड़ा जा रहा है और यहां के कार्यकर्ता और सभी वर्गों के लोगों का मुझे समर्थन मिल रहा है।

**करंट क्राइम : आपके राजनीतिक प्रेरणास्त्रोत कौन हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मेरे राजनीतिक प्रेरणास्त्रोत कोई विशेष चेहरे नहीं हैं। मैं महाराणा प्रताप को अपना आदर्श मानता हूं। मेरा जन्म क्षत्रिय समाज में हुआ है और उस समाज से हूं जहां हार जीत से ज्यादा युद्ध महत्वपूर्ण होता है। हमें सभी वर्गों का सहयोग मिला है। हल्दी घाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप अकेले थे तब अन्य बिरादरियों ने हमारा साथ दिया था। हमारा समाज हमेशा से अन्याय के खिलाफ लड़ा है और मैं भी अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा हूं।

**करंट क्राइम : आप मीडिया की भूमिका को लेकर क्या कहना चाहते हैं?**

**नन्द किशोर पुण्डीर :** मैं दैनिक करंट क्राइम के माध्यम से ये बात रखना चाहता हूं कि चाहे वो समाचार पत्र हों या न्यूज चैनल, उन सभी को गाजियाबाद की राजनीतिक परिस्थितियों को साफ-साफ दिखाना चाहिए। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और मैं यही कहूंगा कि लोकतंत्र के इस स्तंभ को पूरी ईमानदारी और पूरी जिम्मेदारी के साथ जनता को सही हालातों के साथ अवगत करना चाहिए।



## संपादकीय

# विस्तार पाते संकल्प

प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर काफी आश्वस्त हैं, लिहाजा मौजूदा योजनाओं के विस्तार घोषित किए गए हैं। मसलन- 70 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को आयुष्मान भारत के दायरे में रखा जाएगा। ऐसे बुजुर्ग गरीब हों या मध्यवर्गीय हों अथवा सम्पन्न हों, सभी को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। सरकार ने 60-70 साल के सभी बुजुर्गों को इस योजना में नहीं रखा।

यदि सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान के दायरे में रखा जाता, तो भाजपा एक और लाभार्थी वर्ग तैयार कर सकती थी। भाजपा ने समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव, नागरिकता संशोधन अधिनियम, 3 करोड़ लखपति दीदी आदि योजनाओं को लागू करने या विस्तार देने की घोषणा की है। भाजपा के वैचारिक कार्यक्रमों में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और समान नागरिक संहिता शामिल रहे हैं। अब सिर्फ नागरिक संहिता को ही देश भर में लागू करना शेष है। यह मोदी सरकार के नए कार्यकाल के दौरान सम्पन्न किया जा सकता है। भाजपा की वैचारिकता में तीन तलाक का कानून और नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत विदेशों में पीड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी समुदायों को भारत की नागरिकता देना प्रधानमंत्री मोदी ने शामिल किया था। इससे औसतन 18-20 फीसदी मुस्लिम वोट भी भाजपा के पक्ष में आने लगे हैं। संकल्प-पत्र में गरीबों के लिए 3 करोड़ और पक्के घर बनाना, जबकि 4 करोड़ बनाए जा चुके हैं, मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपए से बढ़ा कर 20 लाख रुपए करना, गांवों में 3 करोड़ लखपति दीदी और बनाना, 6000 रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि आदि हैं, जिनमें विस्तार किया गया है।

इन विस्तारों की घोषणा अंतरिम बजट में और 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय संबोधन में भी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने बताया है कि आगामी 5 साल तीन तरह के बुनियादी ढांचे पर फोकस किया जाएगा-सोशल, डिजिटल और फिजिकल। सोशल में नए संस्थान, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक चालकों के लिए राजमार्गों पर आरामगाह बनाए जाएंगे। डिजिटल में 5-जी विस्तार और 6-जी पर काम, इंडस्ट्री के लिए 4.0 आधारभूत ढांचे पर काम किया जाएगा। फिजिकल में राजमार्ग, रेलवे, एयरवे, वाटरवे आदि को आधुनिकतम बनाएंगे। संकल्प-पत्र के 78 पन्नों में 24 गारंटियों के साथ 292 वायदे किए गए हैं। ऐसा नहीं है कि महंगाई, बेरोजगारी आदि का उल्लेख नहीं है। दरअसल मोदी सरकार के 10 सालों में ये दोनों मुद्दे नियंत्रण में रखने की कोशिशें हुई हैं। चूंकि भारत उत्पादन और विनिर्माण का हब बनता जा रहा है, लिहाजा रोजगार भी पैदा हुए हैं। सरकारी नौकरी सभी के लिए संभव नहीं है, लेकिन सुखद है कि मुद्रास्फीति 5-6 फीसदी के दायरे में रही है। फिर भी देश को सब कुछ नए जनादेश पर छोड़ देना चाहिए। रोजगार के मामले में देखें, तो कांग्रेस ने पांच लाख सरकारी नौकरियां देने की बात कही है। उधर लालू के दल ने एक करोड़ सरकारी नौकरियों की बात कही है।

# शिशु खाद्य उत्पादों में चीनी मिलाने से जुड़ी रिपोर्ट्स पर सरकार सख्त

**नई दिल्ली।** सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारत का खाद्य नियामक एफएसएसएआई पब्लिक आई की रिपोर्ट की जांच कर रहा है और इसे वैज्ञानिक पैनल के सामने रखा जाएगा। उधर, नेस्ले ने सफाई दी है कि वह अपने उत्पादों की गुणवत्ता को हर हाल में प्राथमिकता देता है।

केंद्र ने बहुराष्ट्रीय एफएमसीजी कंपनी, नेस्ले के खिलाफ भारत में शिशु खाद्य उत्पादों में चीनी मिलाने से जुड़ी रिपोर्ट्स पर संज्ञान लिया है। स्विस जांच संगठन पब्लिक आई ने बताया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा शिशु खाद्य उत्पादों में अतिरिक्त चीनी पर प्रतिबंध लगाने के कड़े दिशानिर्देशों के बावजूद, कंपनी भारत में सेरेलक जैसे उत्पादों में चीनी मिलाती है।

सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारत का खाद्य नियामक एफएसएसएआई पब्लिक आई की रिपोर्ट की जांच कर रहा है और इसे वैज्ञानिक पैनल के सामने रखा जाएगा। उधर, नेस्ले ने एएनआई के सवालों का जवाब देते हुए कहा, हम बच्चों के लिए अपने उत्पादों की पोषण गुणवत्ता बनाए रखते हैं और हमेशा उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करने को प्राथमिकता देते हैं। पिछले पांच वर्षों में, नेस्ले इंडिया ने हमारे शिशु अनाज पोर्टफोलियो (दूध अनाज आधारित पूरक भोजन) में वैरिएंट के आधार पर चीनी की अतिरिक्त मात्रा को 30% तक कम किया है। हम नियमित रूप से अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करते हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वाद से समझौता किए बिना अतिरिक्त शर्करा के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों को नया बनाना और उनमें सुधार करना जारी रखते हैं। हलांकि रिपोर्ट दावा किया गया है कि कंपनी ने भारत के अलावे कई एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों में अपने खाद्य उत्पादों में शहद और चीनी मिलाकर हल्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

रिपोर्ट में कहका गया है कि भारत में बिकले वाले 15 सेरेलैक उत्पादों की जांच से पता चलता है कि उनकी प्रत्येक खुराक में 2.7 ग्राम चीनी है। चीनी की मात्रा का अंदाजा आप ऐसे लगा सकते हैं कि एक शुगर क्यूब करीब 4 ग्राम चीनी का होता है।

रिपोर्ट के अनुसार उत्पादों में चीनी की मौजूदगी की जानकारी कंपनी ने लेबलिंग पर भी पारदर्शी तरीके से नहीं दी। रिपोर्ट में दावा किया है कि नेस्ले गरीब देशों में तो हल्ड दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करता है पर विकसित देशों के मामले ऐसा नहीं है। जांच में पता चला कि जर्मनी और ब्रिटेन में बिकने वाले शिशु दुग्ध उत्पादों में चीनी की मात्रा शून्य थी। इसके मुकाबले गरीब देशों इथोपिया और थाईलैंड में बिकने वाले उत्पादों में चीनी की मात्रा प्रति खुराक क्रमशः 5 और 4 ग्राम रही। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक ताजा अध्ययन के अनुसार 11 प्रतिशत भारतीय मधुमेह से पीड़ित हैं और 35.5 प्रतिशत उच्च रक्तचाप से जूझ रहे हैं। हल्ड ने चेताया है कि कम और मध्यम आय वाले देशों में मोटापा महामारी के अनुपात में बढ़ गया है। इससे इन देशों में हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह का खतरा बढ़ रहा है।

चीनी की अधिक मात्रा वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का अधिक इस्तेमाल मोटापा बढ़ने का एक प्रमुख कारण माना जाता है। पब्लिक आई की रिपोर्ट के अनुसार एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों में बिकने वाले नैस्ले के 115 उत्पादों की जांच की गई इनमें 108 में चीनी की अधिक मात्रा मिली।


# क्या गरीब और विकासशील देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही नेस्ले?

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले के बारे में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वह दूध और बच्चों से जुड़े उत्पादों में मोटापे और गंभीर बीमारियों को रोकने के लिए जारी अंतरराष्ट्रीय मानकों के विपरीत चीनी और शहद जैसी चीजें मिला रही है। नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं। नेस्ले के दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीन की अधिक मात्रा पाई गई है। यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं।




पब्लिक आई की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि वह दूध और बच्चों से जुड़े उत्पादों में मोटापे और गंभीर बीमारियों को रोकने के लिए जारी दिशानिर्देशों के विपरीत चीनी और शहद जैसी चीजें मिला रही है। नेस्ले की ओर से किया गया उल्लंघन कंपनी के एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों के उत्पादों में देखा गया है। भारत में बिकने वाले नेस्ले के बेबी फुड प्रोडक्ट्स में चीनी की मात्रा कितनी? रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिकने वाले नेस्ले के बच्चों से जुड़े उत्पादों की हर सर्विंग में करीब 3 ग्राम चीनी पाई गई। चीनी की इस मात्रा के बारे में पैकेट पर कंपनी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। नेस्ले की ओर से गरीब और विकासशील देशों में बेचे जा रहे उत्पादों में चीनी मिलाने का खुलासा तब हुआ जब स्विस जांच संगठन पब्लिक आई और आईबीएफएएन (इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क) ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में बेचे जाने वाले कंपनी के बेबी फूड उत्पादों के नमूने बेल्जियम की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे।

## उतार-चढ़ाव के बाद फिर फिसला बाजार, सेंसेक्स 332 अंक टूटा, निफ्टी 22050 से फिसला




**नई दिल्ली।** शुरूआती बढ़त के बावजूद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन लाल निशान पर बंद हुआ। बुधवार को रामनवमी की छुट्टी के बाद गुरुवार को ऐसे तो घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर खुले, पर ये अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख पाए। बाजार में ऊपरी स्तरों से बिकवाली दिखी और कारोबार बंद होते-होते सेंसेक्स और निफ्टी औंधे मुंह गिर पड़े। गुरुवार को सेंसेक्स 454.69 (0.62%) अंकों की गिरावट के साथ 72,488.99 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी -152.06 (0.69%) अंक टूटकर 21,995.85 के लेवल पर पहुंच गया। इस दौरान, मार्च तिमाही के नतीजों के पहले इंफोसिस और बजाज ऑटो के शेयरों में 1% की गिरावट दर्ज की गई।

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

## कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे



**नई दिल्ली।** कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

**इसलिए हो रही छंटनी :** कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

**इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी :** छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

**इन विभागों के कर्मचारियों पर चली तलवार :** एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बंगलूरू, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है।

**पहले ही किया था आगाह:** ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है जब कंपनी ने कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरूआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही आगाह कर दिया था।

## राशिफल

**मेष:** यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विरोध होगा।

**वृष:** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**मिथुन:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**कर्क:** चोट व दुर्घटना से बचें। शारीरिक हानि हो सकती है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कारोबार ठीक चलेगा।

**सिंह:** विवाह के उम्मीदवारों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या:** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं।

**तुला:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ समय सुखद व्यतीत होगा।

**वृश्चिक:** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के इस्तेमाल से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु:** मेहनत का फल पूरा-पूरा प्राप्त होगा। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खर्च होगा। शरीर के ऊपरी हिस्से में कष्ट संभव है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**कुंभ:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर सहयोग मिलेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मीन:** अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। कानूनी अड़चन आ सकती है। लापरवाही न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

## चुटकुले

एक ऑटो वाले की शादी हो रही थी।
जब उसकी दुल्हन फेरों के वक्त उसके पास बैठी तो वह बोला,
थोड़ा पास होकर बैठो, अभी एक और बैठ सकती है।
फिर क्या था मण्डप मे ही
दे चप्पल दे चप्पल

अपराधी जज साहब मै शराब पिया हुआ नही था.. बल्कि पी रहा था?
जज- तो ऐसा करते है तुम्हारी सजा 1 महीने से घटाकर 30 दिन कर देते है।

अंकल : बेटा क्या करते हो?
लड़का : नारी सम्मान सेवा पर काम कर रहा हूं।
अंकल : सोशल वर्कर हो?
लड़का : नहीं अंकल फेसबुक पर सब लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


19 04 2024


# आज के जन्मदिन


सेलेब्रिटी जन्मदिन





मुकेश अंबानी
उद्योगपति



गौरी


नित्या


भव्या मिश्रा


प्रियंका


रोबिन सांगवान


अनमोल शर्मा


मोहित गोयल


अरूण शर्मा


ललित मित्तल


प्रमोद त्यागी


संजय कौशिक


कुलदीप तेवतिया


राहुल गोस्वामी


नितिन त्यागी


अभिषेक पंडित


राज सिंह


राहुल ठाकुर



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




# नोएडा में सीएम योगी ने चुनाव प्रचार को दी धार

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार थम गया है। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। ऐसे में भाजपा समेत अन्य पार्टियां अगले चरण की सीटों के चुनाव प्रचार के लिए ताकत झोंकने में जुट गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के समर्थन में ग्रेटर नोएडा में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचे।

सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जेवर में एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है। रैपिड रेल की सुविधा हम देने जा रहे हैं, मेट्रो आ रही है। 80 करोड़ लोग देश में पिछले 4 साल से मुफ्त राशन की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। 60 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना की सुविधा प्राप्त हो रही है।

सीएम योगी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले के मुख्यमंत्री क्यों गौतमबुद्ध नगर आने से कतराते थे? क्योंकि पिछली सरकार में यहां की जनता को लूटने का काम किया गया। अपने कर्मों पर पर्दा डालने के लिए पिछली सरकारों के मुख्यमंत्री यहां न आने का बहाना बनाया। पहले उद्यमी परेशान था, उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था, कानून व्यवस्था बेपटरी थी लेकिन आज यहां की तस्वीर बदल चुकी है। यहां के वातावरण को देखते हुए आज हर कोई यहां आना चाहता है। भाजपा सरकार के नेतृत्व में नोएडा और ग्रेटर नोएडा ने प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

## भाजपा की उपलब्धियां गिनाईं



### भाजपा की उपलब्धियां

- जेवर में एशिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन रहा है।
- रैपिड रेल की सुविधा हम देने जा रहे हैं।
- मेट्रो आ रही है।
- 80 करोड़ लोग देश में पिछले 4 साल से मुफ्त राशन की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।
- 60 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना की सुविधा प्राप्त।

### विपक्ष पर साधा निशाना

पहले के मुख्यमंत्री क्यों गौतमबुद्ध नगर आने से कतराते थे? क्योंकि पिछली सरकार में यहां की जनता को लूटने का काम किया गया। अपने कर्मों पर पर्दा डालने के लिए पिछली सरकारों के मुख्यमंत्री यहां न आने का बहाना बनाया।

# नकली निकला देसी घी, ऑफर के साथ बेच रहे थे मिलावटखोर

## खाद्य विभाग की जांच में हुआ खुलासा



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 और सेक्टर-62 में दो दुकानों पर नकली देसी घी बेचे जाने का खुलासा हुआ है। खाद्य विभाग की जांच में विजातीय वसा जैसे वनस्पति तेल और एनिमल फैट की मिलावट मिली है। जो सेहत के लिए हानिकारक होती है। विभाग ने जांच रिपोर्ट आने के बाद सेक्टर-12 की दुकान बंद करा दी है जबकि सेक्टर-62 स्थित दुकान में घी की बिक्री पर रोक लगा दी है।मामले में एसीजेएम की कोर्ट में वाद दायर किया गया है। जहां दोनों आरोपी पर जुमार्ना लगाने के साथ सजा भी सुनाई जा सकती है।

नोएडा के सेक्टर-12 के सी ब्लॉक में मोहम्मद साहिल की शुद्ध पनीर भंडार के नाम से दुकान थी। दुकानदार ग्राहकों को 650 रुपये किलो की दर से देसी घी बेच रहा था। साथ में एक किलो देसी घी मुफ्त भी दे रहा था। वहीं 700 रुपये में एक किलो देसी घी के साथ एक किलो घी फ्री, 250 ग्राम पनीर और 250 ग्राम मटर का भी ऑफर दे रहा था। विभाग की टीम ने इसी 29 फरवरी को दुकान से देसी घी का नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा था। जो जांच में असुरक्षित निकला है।

वहीं 27 फरवरी, 2024 को नोएडा के सेक्टर-62 की आदर्श सब्जी मंडी स्थित हरीशचंद जनरल स्टोर पर छापा मारा गया। दुकान पर श्रीनंदन ब्रांड का प्रीमियम देसी घी की बिक्री की जा रही थी। गिरधारी मिल्क फूड प्रोडक्ट कंपनी इसकी निमार्ता है। घी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया था। इसमें भी वनस्पति तेलों की मिलावट मिली है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों में दुकानदारों के साथ-साथ निर्माण कंपनी के खिलाफ एसीजेएम कोर्ट में वाद दायर जाएगा।

> जांच में देसी घी के नमूने असुरक्षित निकले हैं। सेक्टर-12 स्थित दुकान को जांच के समय की बंद करा दिया गया था। अब दोनों दुकानदारों के खिलाफ कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। आगे भी मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।
>
> **– अक्षय गोयल**, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### लालच में आकर घी खरीद रहे थे नोएडावासी

नोएडा की इन दोनों दुकानों पर लंबे समय से मिलावटी देसी घी की बिक्री हो रही थी। कम कीमत के लालच में आकर नोएडावासी जमकर खरीदारी कर रहे थे। जिसका फायदा मिलावटखोर उठा रहे थे। विभाग ने ऐसे दुकानों पर कार्रवाई जारी रहने की बात कही है।

### नसों को ब्लॉक कर देता है मिलावटी घी

चिकित्सकों के मुताबिक मिलावटी घी से सेहत को नुकसान पहुंच रहा है। फिजिशियन डॉ. प्रशांत नागर के मुताबिक मिलावटी घी से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। नसों में जमने के कारण ब्लड सकुर्लेशन कमजोर होने लगता है। नसें ब्लॉक होने से ह्रदयाघात या लकवा जैसी बीमारी हो सकती है। ऐसे में उपयोग से पहले घी की गुणवत्ता की जांच जरूरी है।

## घर पर कर सकते हैं असली या नकली घी की पहचान

### सबसे पहले

टेस्टट्यूब या कांच के गिलास में दो चम्मच पिघला हुआ घी लें। उसमें आधा चम्मच नमक और दो बूंद हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिला लें। फिर गिलास या टेस्ट ट्यूब को अच्छे से हिला लें। करीब 20 मिनट तक मिश्रण को ऐसे ही छोड़ दें। उसके बाद अगर अगर घी का रंग बदला हुआ दिखे तो इसका मतलब उसमें मिलावट की गई है।



### कुट्टू के आटे के बने पकवान खाने से 350 हुए थे बीमार

महाशिवरात्रि के अवसर पर खराब गुणवत्ता के कुट्टू के आटे से बने पकवान के सेवन से नोएडा और ग्रेनो में 350 से ज्यादा लोग बीमार हो गए थे। विभाग की ओर से अभी प्योर ब्रांड के कुट्टे के आटे के सैंपल भरे गए थे जांच में आटे में अल्कोहलिक एसिडिटी की मात्रा ज्यादा पाई थी। जांच में आवासीय मकान में कुट्टू के आटा बनाने की फैक्टरी का लाइसेंस जारी करने की बात सामने आई थी।

### पनीर के नमूनों में भी पाई गई थी मिलावट

पिछले माह अभियान चलाकर पनीर के नमूने लिए गए थे। करीब 25 नमूनों में से 8 नमूने मानकों पर खरे नही उतरे थे। जबकि तीन नमूने असुरक्षित निकले। पनीर बनाने में भी वनस्पति तेल का प्रयोग किए जाने की बात सामने आई थी। इसके अलावा समय-समय पर जारी जांच में आइक्रीम, तेल आदि के नमूने भी मानकों पर खरे नहीं मिले।

# नोएडा के सामाजिक संगठन भी चुनाव में हुए सक्रिय

## चला रहे जागरूकता अभियान

नोएडा। लोकसभा चुनाव के दौरान हर कोई सक्रिय है। इसी प्रकार की सक्रियता नोएडा शहर के सामाजिक संगठनों में नजर आ रही है। नोएडा क्षेत्र में सक्रिय अनेक प्रमुख सामाजिक संगठन चुनाव में सक्रिय हो गए हैं। नोएडा में काम करने वाले सामाजिक संगठन वोटर्स में जागरूकता फैलाने का अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नोएडा के नागरिकों को तैयार किया जा रहा है।

### नोएडा के सामाजिक संगठन हुए सक्रिय

अलग-अलग मुददों को लेकर समाज में काम करने वाले नोएडा के सामाजिक संगठन एकजुट हो गए हैं। इन संगठनों ने मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है। नोएडा के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पूरे नोएडा शहर में घूम-घूमकर प्रचार कर रहे हैं कि चुनाव में वोट डालना हर भारतीय का नैतिक कत्त्रव्य है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नोएडा में सोशल मीडिया पर भी कैंपेन चलाया जा रहा है।

**नोएडा के संगठनों ने किया कार्यक्रम :** नोएडा के वोटर्स को जागरूक करने के मकसद से मंगलवार को नोएडा शहर के सेक्टर-31 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोएडा में स्थित क्टअ के भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब नोएडा, आईएमए, भारत विकास परिषद तथा नोएडा की प्रसिद्ध संस्था फोनरवा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नोएडा शहर के गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए। नोएडा में हुए इस अनोखे कार्यक्रम में अधिक से अधिक मतदान करने तथा कराने की प्रतिज्ञा ली गई।

इस कार्यक्रम में नोएडा क्षेत्र के सांसद डा. महेश शर्मा, फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, नोएडा के समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, इस आयोजन के आयोजक डा. वी.पी. सिंह, डा. एस.पी. शर्मा, डा. सुनील अवाना, अनिल अग्रवाल, नोएडा प्राधिकरण के पूर्व उएड देवदत्त शर्मा, आशुतोष सिंघल, डा. एन.के. शर्मा, सुधीर मिडढा, हरीश वर्मा, रविकांत मिश्रा, संजय गुप्ता, नरेन्द्र चौपड़ा, नोएडा पंजाबी एकता समिति के पदाधिकारीगण तथा संजय चौहान आदि नोएडा के सामाजिक कार्यकर्ता एकत्रित हुए।



# ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़, चार विदेशी गिरफ्तार




**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में पुलिस ने ड्रग्स फैक्टरी पकड़ी है। पुलिस ने चार विदेशी नागरिक गिरफ्तार किए हैं। इसी के साथ करोड़ों रुपये की ड्रग्स भी बरामद की गई है। पकड़ी गई ड्रग्स की कीमत 200 करोड़ रुपए आकलन किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि यहां से विदेश में सप्लाई भी की जाती थी। थाना दादरी और ईकोटेक प्रथम पुलिस में संयुक्त कार्रवाई की है। प्रदेश में चल रहे मादक पदार्थ प्रहार अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए चारों विदेशी नागरिक नाइजीरिया के हैं। एक के पास वीजा है जो कुछ दिन पहले आया था। बाकी तीन के पास वीजा नहीं है। पकड़ी गई ड्रग्स एमडीएमए है। 25 किलो की मात्रा बताई जा रही है। इससे पहले दो बार ड्रग्स की बड़ी खेप इसी क्षेत्र में पकड़ी जा चुकी है। एक में 140 किलो ड्रग्स पकड़ी थी दूसरे मामले में करीब 36 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। यह लोग नाइजीरिया के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी ड्रग्स की सप्लाई करते हैं। गुरुग्राम, दिल्ली-एनसीआर नोएडा आदि में होने वाली रेव पार्टियों में भी यह लोग ड्रग्स की सप्लाई करते हैं।

# 23 छात्रों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने भेजा पत्र

**नोएडा।** एक विश्वविद्यालय के आसपास लगातार हो रही मारपीट की घटनाओं और इसके वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सख्त रूख अख्तियार किया है। पुलिस ने विवि प्रशासन को पत्र भेजकर पिछले दिनों मारपीट में शामिल 23 छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए कहा है।

इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था और सीसीटीवी को दुरुस्त करने के लिए भी कहा है। पुलिस विवि के आसपास लगातार अभियान चलाकर वाहनों की जांच कर रही है।

कुछ महीनों में विवि के आसपास के 15 से अधिक मारपीट के वीडियो वायरल हुए हैं। इनमें पांच मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पढ़ने वाले 23 छात्रों को नामजद किया गया है या इनका नाम जांच में आया है। नोएडा के एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर को पत्र भेजकर 23 छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने लिए कहा है। इसे साथ ही विवि में पार्किंग की एंट्री को लेकर भी सुधार करने के लिए कहा है। इसके अलावा चारों तरफ दीवार पर सीसीटीवी लगवाने को भी कहा गया है।



पार्किंग में एंट्री को लेकर कड़े प्रावधान हैं। इस कारण छात्रों की गाड़ियों की भी एंट्री नहीं मिल पाती, जबकि पार्किंग खाली रह जाती है और छात्र बाहर कार खड़ी करते हैं। सड़क पर कार खड़ी करने के दौरान ही अक्सर किसी न किसी बात पर मारपीट की घटनाएं होती है। इसके साथ विवि की सुरक्षा को लेकर सिक्योरिटी एजेंसी के बीच बेहतर समन्वय कराने की बात भी कही गई है। विवि की सुरक्षा को लेकर तीन प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी काम करती है।

# आज यह हाल हो रहा जल का, क्या होगा फिर कल का ?



**नोएडा।** नोएडा में आर डब्लू ऐ अध्यक्ष बन जाना कोई मामूली काम नहीं है। यानी पूरे सेक्टर की सुविधाओं और शिकायतों का निरंतर चलने वाला सिलसिला आपकी ड्यूटि बन जाती है। आप सुबह उठते हैं तो इस फोन कॉल के साथ देखिए गर्मी इतनी है। पानी 8 बजे ही चला गया । प्रेशर इतना कम ? अब हम क्या करें? दूसरा फोन आप कुछ तो करें देखें तो सही हमारा हाल ? तीसरा फोन, बेकार हैं अध्यक्ष? इलेक्शन के समय में वोट मांगने आ जाते हैं, काम कुछ करवाते नहीं। ऐसे ही कुछ दिन की शुरूआत होती है। शाम भी कुछ समस्याओं तथा जिन समस्याओं का समाधान हो गया उनकी खुशी के साथ आती है। मैं अपने ऑफिस की एडिटर मीट के सालाना कार्यक्रम से लौट रही थी। जमुना जी के पुल पर जब जमुना जी की ओर देखा दिल धक सा रह गया । जमुना जी के नाम पर कुछ पतली काली सी धाराएं? बह रही थीं। अभी अप्रैल का महीना है । मई जून बाकी हैं। यही हाल अब गंगा जी का भी हो रहा है। जब जल कम हो रहा है हम उसका ध्यान नहीं कर रहे ? तो कल हमारा क्या होगा इसके लिए जिम्मेदारी भी हमारी ही बनेगी।

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज की जरूरत

यहां पर मैं नोएडा के सीईओ डॉ लोकेश एम के बारे में जरूर लिखना चाहूंगी जिन्होंने आते ही सबसे पहले हर पार्क में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। उन्होंने तो अपना कार्य कर दिया लेकिन आगे जिम्मेदारियां हमारी हैं। क्या हम भी कुछ ऐसा कर रहे हैं? जहां भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने हैं। जब बारिश आती है हम कम से कम देखने अवश्य जाएं । क्या पानी का ढाल सही है ? बरसात का जल हार्वेस्टिंग सिस्टम के अंदर जा रहा है। यदि नहीं जा रहा है तो फोरन जो गड्ढे बनाए गए हैं वहाँ नाली रखी गई हैं उसमें स्पेस बनवाएं या नोएडा प्राधिकरण को शिकायत कर उसका ढ़ाल बनवाएं ताकि जल की एक बूंद भी सीवर या नालों में ना जाकर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में ही जाये। यह तो बहुत छोटी सी सोच है। हमारे घर की छत पर बरसात में खूब पानी बरसता है। क्या कभी हमने ध्यान दिया कि जहां हमारा पतनाला गिरता है। कम से कम वहां पर एक स्क्वायर मीटर चौड़ा और लंबा कच्चा गड्ढा छोड़ दें ताकि हमारी छत का पानी कच्ची भूमि पर गिरे। थोड़ी देर ऊपर तक आएगा लेकिन बाद में सब वही कच्चा स्थान सोख लेता है और धरती के अंदर चला जाता है। यह सच है कि हम लाखों रुपया घर के रिनोवेशन पर लगा देते हैं । चारों तरफ पक्का पक्का और सिर्फ पक्का यहां तक कि उस पर गिरती पेड़ों की पत्तियां भी हमें अच्छी नहीं लगती। सामने खड़े पेड को देख कर भी दिल करता है अगर यह यहाँ ना हो तो हमारी चार गाड़ियां खड़ी हो जाएं। लेकिन यदि हम वायु और जल की परवाह ही नहीं करेंगे तो कल कितना भयानक हो सकता है, शायद हम शहर छोड़ कर ही जाये। अपने बच्चों को, बड़ों को, घर में काम करने आने वाली सहायिका सभी को सावधान करें कि गर्मी है पानी उतना ही आएगा जितना पहले आपके पास आ रहा था उससे कम आ सकता है अधिक की तो गुंजाइश ही नहीं है। इसलिए जल की एक बूंद भी व्यर्थ ना बहाएं। खासकर ऐसे में आरडब्ल्यूए के एग्जीक्यूटिव मेंबर्स पूरी टीम की ही खास जिम्मेदारी बन जाती है यदि कहीं भी कोई पाइप लगाकर जल बर्बाद कर रहा है उसे रोकें । एक गाड़ी धोने के लिए गेलेंन ऑफ वाटर बहा रहा है तो उसे तुरंत रोकें किसी ने भी अपने घर में सबमर्सिबल पंप लगा रखा



## जल से ही हमारा कल भी सुरक्षित होगा

जल सबका है आज इसका संरक्षण करेंगे तो हमारा कल भी सुरक्षित होगा क्योंकि प्रकृति से जैसे हम लेते हैं हमें उस लौटाना भी होगा। अपनी अगली आने वाली संततियों के लिए नहीं तो यदि हमने ही इतना दोहन कर दिया तो आगे अपने आने वालों के लिए हम क्या छोड़ कर जाएंगे? सुखी बंजर धरती ? सिर्फ अपना मन और सोच को बड़ी करें । नोएडा प्राधिकरण का साथ दें। अगर नल खराब है टपक रहा है फौरन वाशर बदलवाएं। जो भी सब्जी भाजी चावल दाल धोते हैं उसका पानी एक बर्तन में इकट्ठा करें । उसको जाकर पौधों को डालकर आए । पौधों को पानी जहां भी डालना है बाल्टी या लोटे से डालें। हाथ में पाइप लेकर कृपया जल का अपमान ना करें । एक गमले में एक गिलास पानी या एक लोटे पानी से काम चलता है वहां हम एक बाल्टी पानी बहा देते हैं। जल का सम्मान स्वयं करें बच्चों को सिखायें। अगर आपके आस पड़ोस में कोई बबार्दी करता है तो कृपया उसे भी जाकर समझाएं क्योंकि आगे आगे इससे भी बुरा समय आ सकता है। नोएडा में जब जल की कमी पड़ती है तो सड़कों पर रहने वाले भी पाइप में तोड़कर छेद कर देते हैं वहां से जब तेज प्रेशर से पानी निकलता है तो वे वहीं अपना नहाना धोना, कपड़े धोने का कार्य करते हैं। जो छेद किया होता है या पाइप डैमेज किया होता है वहां से लगातार पानी बहता है इसीलिए गर्मियों में आए दिन कभी यहां की पाइपलाइन टूट गई कभी वहां की पाइपलाइन टूट गई कहीं नीचे पानी गिर रहा है यह समस्याएं बहुत बढ़ जाती हैं । आगे आगे हम सभी देखेंगे भी कहीं पानी की पाइपलाइन टूटी है कुछ दिक्कत है और उसकी कंप्लेंट करें। आप नहीं करना चाहते तो नोएडा में आर डब्लू के किसी भी मेंबर को शिकायत करें और उसे ठीक करवाएं। यदि हम जल आज बचाएंगे तभी हमारा कल और भविष्य सुरक्षित होगा नहीं तो फिर क्या होगा कल का क्योंकि बिन पानी सब सून।



# बागपत सीट से प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा का जनसंपर्क, नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार अभियान जोरों पर





**बागपत, करंट क्राइम।** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे बागपत संसदीय सीट से गठबंधन प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा सहित उनके प्रचार में जुटी दर्जनों टीमों ने भी प्रचार व जनसम्पर्क की गति बढ़ा दी है।

जनसम्पर्क के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ढोल-नगाड़ों के साथ युवा कार्यकर्ता जब पं. अमरपाल शर्मा जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए आगे चलते हैं तो गलियों व छतों पर अपने प्रत्याशी को देखने के लिए महिला व पुरुषों का जनसमूह उमड़ पड़ता है। प्रत्याशी भी सबको यथायोग्य प्रणाम व चरण स्पर्श कर विजयी होने का आशीर्वाद मांगते हैं।

पंडित अमरपाल शर्मा क्षेत्र के विकास व स्थानीय समस्याओं को मुख्य रूप से अपने सम्बोधन में उठाते हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बड़ौत कार्यालय पर बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सपा की सदस्यता भी दिलाई गई। पंडित अमरपाल शर्मा को अपने यहां बुलाने व स्वागत करने के लिए काफी लोग बागपत, बड़ौत, सिवालखास, मोदीनगर, कार्यालय पर सम्पर्क कर रहे हैं।

गुरुवार को सुबह से देर शाम तक पंडित अमरपाल शर्मा ने जिन गांवों व कस्बों में सम्पर्क किया वो इस प्रकार हैं : धौलडी, खानपुर, सिवालखास, नंगला कुम्भा, चंदौरी, जानी कला, डालूहेडा, रावा, मोहम्मदपुर, बहरामपुर ,उखलीना, किनौनी राजापुर, रासना, बाडम, पावटी, पांचली खुर्द घाट आदि में चुनाव प्रचार व नुक्कड़ सभाएं कीं।

चुनाव प्रचार में उनके साथ जिन लोगों ने शिरकत की उनमें हाजी इकराम, सफीक, निसार अहमद, मुज्जमिल प्रधान, अख्तर, सूरज यादव, हरेन्दर यादव, रोहित शर्मा, प्रशांत कौशिक, पवन शर्मा, मिठ्ठन जाटव जिला पंचायत सदस्य, जयराज गुर्जर, पप्पू गुर्जर आदि ने भाग लिया।

## वार्ड 41 में सात लाख की कीमत से बनेगी झंडापुर की चार गलियां निर्माण कार्य शुरू



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 में 7 लाख रुपए से चार गलियों का सीसी निर्माण कार्य साहिबाबाद वार्ड नंबर 41 झंडापुर में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र में 7 लाख रुपए के कार्य से चार गलियो में आर सी सी निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जो शीघ्र ही पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा, पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया की झंडापुर महाराजपुर में बिना भेदभाव के चारों तरफ नाली खड़ंजे और सड़कों का निर्माण कार्य जारी है। कुछ कार्य चुनाव की वजह से टेंडर नहीं हो पाए चुनाव समाप्त होते ही नए टेंडर डाले जाएंगे उसके बाद जो भी कार्य करने के लिए नगर निगम में दिए गए हैं। पास कराकर सभी कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएंगे और आम जनता की परेशानी तथा समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य कराई जा रहे हैं। क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिसके लिए जनता ने मुझे चुना है। मैं पूरा प्रयास करूंगा क्षेत्र के जनता के प्रत्येक समस्या के समाधान कर सकू।




### ना चाहत से कुछ होने वाला है ना बगावत से कुछ होने वाला है

भगवा दिलजले की तमन्ना है कि काश ऐसा हो जाये कि इस बार फूल ही ना खिले। वो पब्लिक के बीच रह रह कर नब्ज टटोलता हैं और जुबान को साध कर ही बोलता है। फूल वालों के यहां कई हैं जिनके मन में शूल चुभ रहे हैं। लेकिन दिक्कत ये है कि कुछ भी बोलने का मतलब कैरियर पर ब्रेक लगना है। पुराने भाजपाई हैं लेकिन जब कोई आसपास ना हो तो दिल की बात जुबान पर आई। कहा कि हम तो चाहते हैं कि इस बार बड़ा उलटफेर हो जाये। बातों ही बातों में डॉली की तारीफ की और कहा कि हमारी तो तमन्ना है कि वो ही जीत जाये। फिर तलवार वालों की नाराजगी की बात कही और इसे सुनने के बाद फूल वाले ने ही उन्हे रियलटी से अवगत कराते हुये जो बात कही वो सुनने लायक थी। उन्होने कहा कि नई हवा है की नई भाजपा है। इसमें ना तो दिलजलो की चाहत से कुछ होने वाला हैं और ना ही चार कमल वालों की बगावत से कुछ होने वाला है

### क्या बाकी हैं अभी गाजियाबाद टॉवर पर फ्लैग लगाने का स्वैग

वैसे तो गाजियाबाद में कई चुनावी टोटके अब पिट चुके हैं और नई सियासत के नये फेस आ गये हैं। एक दौर था जब अम्बेडकर रोड का जीत वाला ठिया चुनावों से भी पहले बुक हो जाता था। इस ठिये से राजनाथ सिंह भी चुनाव लड़े और सुरेश बसंल भी विधायक बने। लेकिन अब ये टोटका फेल हो गया है और कविनगर राजनगर से जनरल वीके सिंह चुनाव जीते और नवयुग मार्किट से अतुल गर्ग। पहले कहते थे कि यहां बेटियों की विदाई के साथ घर से सियासत विदा हो जाती हैं और उदाहरण के लिये सुरेंद्र गोयल और रमेश चंद तोमर का नाम लिया जाता था। मगर ये मिथक भी टूटा और सुनीता दयाल तो मेयर ही तब बनी जब बेटी ब्याह कर विदा हो गई। मेयर वाली चेयर से हटते ही वाली बात भी अब पुरानी हो गई। सब स्वस्थ रहें सब सकुशल रहें और सभी की पालिटिक्स जिंदाबाद रहें वो भी आबाद रहें की कामना के साथ जिक्र उस इमारत का हुया जिसे गाजियाबाद टॉवर कहते हैं। कहा जाता है कि यहां जितनी हाईट पर जिसने भी चुनाव में अपने झंडे लगाये वो उतनी ही निचाई पर आकर रूका। सुना है कि कोई यहां अपना झंडा नही लगाता है जो झंडा लगाता है वो चुनाव हार जाता है।

### बोले भाजपा के संत भाजपा ने बनाया मायावती को चार बार सीएम

वैसे तो फूल वालों ने राम, भगवा वस्त्र, और साधु संत पर अपना कापी राइट मान लिया है और कोई अपोज करे तो उससे जुबानी फाईट करते हैं। लेकिन अब तो कमाल ये हो गया कि कमल वाले कह रहे हैं कि मायावती चार बार सीएम ही भाजपा के सहयोग से बनी हैं। वो भाजपा के दलित संत हैं और भाजपाई संत बता रहे हैं कि मायावती को फोर टाईम सीएम बनाने का श्रेय भाजपा को जाता है। पहले उन्होने तीन बार लिखा लेकिन फिर वो खुद को करेक्ट किया और कहा कि तीन बार नही चार बार अगर मायावती मुख्यमंत्री बनी तो ये भाजपा का ही सहयोग था। अम्बेडकर पार्क में मंच का पंच भी भाजपाई हैं क्योकि इसमे दस लाख की निधि राज्यसभा सासंद के कोटे से लगी है।

## उजाला समिति द्वारा मतदान के लिए किया जागरूक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उजाला समिति द्वारा दुहाई मुरादनगर में सर छोटू राम किसान इंटर कॉलेज में स्वीप के अंतर्गत विधालय के टीचर्स को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई कि 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें। वो अपने घर में आस पास के लोगो को वोट डालने के लिए जागरूक करे मतदान हमारा अधिकार है। पहले करो मतदान फिर करो जलपान।

## वसुधंरा के क्रिस्टल होटल में आग लगने से मची अफरातफरी

### बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के बाद हवा तेज होने पर कुछ ही देर में आग की चपेट में आया होटल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 16 में स्थित होटल क्रिस्टल पैलेस में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। होटल के बाहर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के बाद हवा तेज होने पर आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना पाकर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। करीब दो घंटे में आग बुझाई गई और इस दौरान मौके पर हड़कंप की स्थिति रही। गुरुवार को सगाई समारोह होना था। तैयारी लगभग हो चुकी थीं और 10 लोग भी आ चुके थे। साढ़े 12 बजे सगाई कार्यक्रम से ठीक पहले में पास में रखे ट्रांसफार्मर से बड़ी चिंगारी निकली और होटल के बाहरी हिस्से में रखे ज्वलनशील सजावटी सामान गिर गई। इस कारण आग लगी।

तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और कर्मचारियों ने इसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस कारण अफरातफरी भरा माहौल हो गया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से चार फायर टैंकर के साथ दमकलकर्मियों को मौके पर भेजा गया।

आग बिल्डिंग के बाहरी भाग में डेकोरेशन के सामान में लगी थी। आग बुझाने की शुरुआत करने के साथ ही अंदर से दो कर्मचारियों को भी दमकलकर्मियों ने बाहर निकाला। आग काबू में न आती देख फायर स्टेशन कोतवाली और साहिबाबाद से दो फायर टैंकर और मंगाए गए। डेकोरेशन के सामान में आग लगने के कारण पूरे बैंक्वेट हॉल और आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया। आसपास के लोगों को धुएं के गुबार के कारण काफी परेशानी हुई। आग से पीसीसी पैनल और डेकोरेशन का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

इतना ही नहीं आग की चपेट में आने से बैंक्वेट हॉल का आगे का हिस्सा भी पूरी तरह जल गया। बाहर सजावटी सामान अधिक होने के कारण आग काफी भीषण थी। तेज हवा के कारण लपटे इधर-उधर कई मीटर तक जा रही थीं। गनीमत थी कि होटल के आसपास कोई इमारत नहीं थी। एक ओर एक खंडहर ही था। इसमें कोई मौजूद नहीं था। इसी कारण बड़ा हादसा होने से टल गया।

## दबंगों ने भाई-बहन को बेरहमी से पीटा



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** गांव हुसैनपुर में घर में घुसकर भाई-बहन को पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव हुसैनपुर निवासी राजेश कश्यप परिवार सहित रहते हैं। राजेश कश्यप अपनी पत्नी के साथ काम पर गए थे। घर पर उनकी पुत्री रेनू व छोटा भाई अकेला था। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस में रहने वाले दबंग अचानक घर के अंदर आ गए और भाई-बहन को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती के बाल घसीटकर उसे सड़क तक खींचा गया। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। युवती की तहरीर पर विकास, गोलू, वेदो देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।




## किस पिंक बूथ प्रभारी को मिलेगा गिफ्ट



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद कुछ नए संकेत मिल सकते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों चर्चा चल रही है कि चुनाव के बाद किस पिंक बूथ प्रभारी को गिफ्ट मिलेगा। सुनने में आ रहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप जो एक प्रभारी महिला वाला प्लान था, उसमें कुछ नया हो सकता है। वहीं सूत्र बता रहे हैं जब परिवार परामर्श केंद्र वाला कार्यक्रम पुलिस लाइन में हुआ था, तो कमिश्नरेट वाले साहब ने कहा था कि बेस्ट वर्किंग देने वाली पिंक बूथ के प्रभारी को गिफ्ट मिलने की बात की गई थी। माना जा रहा है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद यह बात सच हो सकती है। वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 20 से अधिक पिंक बूथ सिटी, नदियापार और ग्रामीण वाले जोन में चल रहे हैं। उनकी रैंकिंग से लेकर वर्किंग पर कई आईपीएस अधिकारी निगरानी रखने का काम कर रहे हैं। साथ ही इलाके वाले एसीपी साहब भी 15-15 दिन में मॉनिटरिंग करते हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सिटी या देहात के एक थाने में महिला टू-स्टार को भेजा जा सकता है। अब यह महिला टू-स्टार कौन होगी, किसके सिर पर प्रभारी वाला ताज सजेगा। इसको लेकर चर्चाएं सुनने में आ रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बताते हैं कि वैसे तो अभी यह तय नहीं है कि किस पिंक बूथ से गिफ्ट वाला सरप्राइज आएगा। सूत्र बता रहे हैं कि यह इलाका सिटी और देहात से लगा हो सकता है। वहीं कुल मिलाकर अभी आचार संहिता खत्म होने के बाद का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई अधिकारियों और पिंक बूथ प्रभारियों को वेट है कि उनका क्या होगा, गिफ्ट मिलेगा या उनको गिफ्ट के लिए वेट करना पड़ेगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में इन दिनों क्राइम कंट्रोल से ज्यादा समय पर विवेचाएं निपटाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी के साथ एक साहब इन दिनों पुराने मामलों के खुलासों पर जोर देने में लगे हुए हैं। वहीं एक वार्ता के बाद सिटी के थाने में क्राइम टीमों के साथ बैठक व थ्री-स्टार से लेकर इलाके वाले एसीपी के साथ मीटिंग वाला सीन बता रहा था कि अभी उनका चुनाव से ज्यादा फोकस कहीं और चल रहा है। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि जो परिवार परामर्श केंद्र वाला प्लान बनाया गया था अभी वो कमिश्नरेट के हिसाब से प्रभावी नहीं हो पाया है।

## हापुड़ में डोसा की चटनी को लेकर बवाल : पॉश इलाके में रेस्टोरेंट वालों को बदमाशों ने पीटा



**हापुड़।** फ्री गंज रोड़ स्थित कमल डोसा प्लाजा पर दबंगों ने मामूली बात परर रेस्टोरेंट में जमकर बवाल मचाया है। तोड़फोड़ और मारपीट तक नौबत पहुंच गई। खाना खाने आए लोगों में हड़कंप मच गया, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट कर रहे तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। तोड़फोड़ से जुड़ी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

रेस्टोरेंट संचालक कमल सैनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रात करीब 10:30 बजे रेस्टोरेंट पर प्रेम नामक व्यक्ति अपने साथ अभिषेक और सौरभ को लेकर आया था। ये लोग डोसे की चटनी को लेकर दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी सार्थक नामक युवक के साथ गाली-गलौच करने लगे। जब दुकानदार ने इस बात का विरोध किया तो ये लोग उनके और स्टाफ के साथ हाथापाई कर दुकान में तोड़फोड़ करने लगे। वहां रखी स्टील की मेज-स्टैंड को उठाकर उनके साथियों के ऊपर हमला किया।

**फायरिंग करने का आरोप**

पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाया है कि पिस्तौल निकालकर फायरिंग की थी। जिसका आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और मौके पर लोग इकट्ठा होने लगे। भारी संख्या में भीड़ को देखते हुए आरोपी धमकी देकर भाग गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया के जरिए वायरल हो रहा है।

**पुलिस का बयान**

इस मामले में सदर डीएसपी वरुण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रेस्टोरेंट पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के द्वारा मामले में मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

## एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाजियबाद ने तीन दिवसीय अंडर-19 इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी गाजियाबाद ने तीन दिवसीय अन्डर-19 इंटर स्कूल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन तथा टग ऑफ वार खेलों में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ आदि प्रतिष्ठित स्कूलों के 900 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ माननीय कुलाधिपति प्रोफेसर आर.के. खंडेल, कुलपति प्रोफेसर शक्ति कुमार ने फीता काटकर किया। प्रोफेसर आर.के. खंडेल ने कहा कि खेल व्यक्ति को अनुशासन सिखाता है एवं प्रतिभागियों को उच्च आदर्शों के साथ जीना सिखाता है। कुलपति प्रोफेसर शक्ति कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के कारण युवाओं में खेल-कूद के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कॉलेज प्रशासन, चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि देश का भविष्य ये बच्चे हैं जिनको मजबूत बनाना हमारा उद्देश्य है। जिसमें खेल भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना पढ़ाई। उप कुलपति सुंदरदीप ग्लोबल यूनिवर्सिटी पीयूष श्रीवास्तव, आई.पी.एस., आई.जी. उत्तर प्रदेश पुलिस (रिटायर्ड) ने कहा खेल मानव को सशक्त बनाता है और विस्तार का अवसर देता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन डायरेक्टर एजुकेशन डिपार्टमेंट प्रोफेसर अवधेश प्रताप सिंह, चीफ प्रॉक्टर संदीप सिंह, डॉ. भरत प्रताप सिंह, रिंकू सिंह ने किया। इस अवसर पर चीफ अकाउंटेंट सुभाष शर्मा, पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल निखिल निगम, प्रो. संदीप गुप्ता, प्रो. हरवीर सिंह, प्रो. राकेश सपरा, दीपा कवर एवं अन्य मौजूद रहे।

## आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में किया गया हैकाथॉन-2024 का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस के द्वारा हैकाथॉन-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें ब्लाइंड कोडिंग, स्क्वाड ऑफ इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्रीच दी फायरवाल, वेब-ए-थॉन एवं आईटी गेमिंग प्रतियोगिताएं प्रमुखतः रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. बालाकृष्णन अथियमान (साइंटिस्ट - ऍफ एवं हेड कंप्यूटर एंड नेटवर्क डिवीजन सुपर कंप्यूटिंग सेंटर), डॉ. गगन वार्ष्णेय (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग) एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में अपना पंजीकरण कराकर भाग लिया। अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत लगातार विश्व शक्ति बनकर सामने आ रहा है ।

भारत में प्रथम सुपर कंप्यूटर से लेकर आज के आधुनिक कंप्यूटर तक के विकास को समझाया। नेटवर्किंग के महत्व को समझाते हुए लगातार कुछ नया करने की सलाह दी। 'स्क्वाड ऑफ इंटरनेट ऑफ थिंग्स' में एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के उत्कर्ष कुमार की टीम प्रथम रही। जबकि आई.एम.एस. गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के बीसीए के छात्र अलोक की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

ब्लाइंड कोडिंग में रयान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र राघव श्रीवास्तव प्रथम एवं सक्षम गर्ग द्वितीय रहे। 'ब्रीच दी फायरवाल' में एन.एफ.एस.यू. के छात्र अमित कुमार प्रथम एवं एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र अनस खान द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विजयी हुए छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. नीरू सक्सेना द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

## अंबेडकर जयंती पर हुआ ड्राइंग कंपीटिशन आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुष्पांजलि महिला सेवा संस्थान द्वारा भीम राव अम्बेडकर जयंती पर ड्राइंग कंपीटिशन का आयोजन कराया गया। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नोएडा के अंबेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को देश के विकास में डॉ. भीम राव अम्बेडकर के योगदान के बारे में जागरूक करना था। बाबा साहब अम्बेडकर ने समाज के लिए सामाजिक न्याय की अवधारणा को विकसित किया। इस अवसर पर बलराज पाल, वैशाली, दुर्गा प्रसाद, सोनू, रामबीर, सुषमा, अनिता, ब्रह्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव की तारीख घोषणा के बाद वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बीएलओ से मतदान सूची व पर्ची लोगों को वितरण करने के लिए प्राप्त की। उन्होंने कहा वार्ड 57 की जिम्मेदारी मेरी है , और पर्ची बनवाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मेरा प्रयास यही रहेगा की वार्ड में कोई भी मतदाता बिना मतदान के ना रहे।

# आईटीसीएम और आईटीआर मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफल

## ओडिशा के चांदीपुर से हुई लॉन्चिंग, सुखोई से रखी गई नजर



**चांदीपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) और एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इनकी लॉन्चिंग ओडिशा के तटीय क्षेत्र चांदीपुर से की गई।

### भारतीय वायुसेना ने भी की मदद

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षण के दौरान सभी सिस्टम से अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन किया। मिसाइल की निगरानी के लिए आईटीआर ने पूरे उड़ान मार्ग को विभिन्न रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम, टेलीमेट्री और कई रेंज सेंसर से लैस कर दिया था। मिशन में भारतीय वायुसेना ने भी सहायत की। सुखोई एसू-30 एमके-1 से भी पूरे उड़ान की निगरानी की गई थी।

### रक्षा मंत्री और ओडिसा के मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली द्वारा संचालित स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षा डीआरडीओ के लिए एक मील का पत्थर है। वहीं, ओडिशा के सीएम नवीन पटनाक ने भी डीआरडीओ को बधाई दी है। रक्षा विभाग के आरएंडडी सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने लॉन्चिंग की सफलता के लिए डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

### डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल

बयान के अनुसार, बेहतर और अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस किया गया है। मिसाइल को बेंगलुरु स्थित डीआरडीओ प्रयोगशाला एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीई) सहित अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

# यूक्रेन में रूस ने तेज किए हमले, दागीं तीन मिसाइलें, 17 की मौत

**यूक्रेन।** यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ईहोर क्लाइमेंको ने कहा कि रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों में एक 25 वर्षीय पुलिस लेफ्टिनेंट भी शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि पड़ोस के घर में एक महिला बीमार होने के कारण छुट्टी पर थी, इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

कीव और मॉस्को संघर्ष के बीच बुधवार को रूस ने यूक्रेन के चेर्निहीव में मिसाइल हमला किया। इस हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 61 घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि मरने वालों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है। इन मौतों के लिए उन्होंने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान जारी करते हुए कहा, अगर यूक्रेन के पास पर्याप्त वायु सुरक्षा उपकरण होता तो ऐसे हमले नहीं होते। आतंकवादी, लोगों को तभी मारते हैं, जब कोई उन्हें रोकने में कामयाब होता है और उसका सामना करने के लिए तैयार रहता है।

चेर्निहीव शहर रूस की सीमा पर स्थित है और अक्सर ही यहां के आसमान में मिसाइलों को देखा जाता है। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ईहोर क्लाइमेंको ने कहा, रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों में एक 25 वर्षीय पुलिस लेफ्टिनेंट भी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, पड़ोस के घर में एक महिला



बीमार होने के कारण छुट्टी पर थी, वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बता दें कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के शुरूआती दौर में रूस ने चेर्निहीव को घेर लिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसियों को यहां से खदेड़े जाने और यूक्रेन की वायु सुरक्षा में सुधार के बाद से लोग इस क्षेत्र में वापस लौट आए थे। चेर्निहीव राजधानी कीव से करीब 150 किलोमीटर दूर रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इस क्षेत्र की आबादी लगभग 2,50,000 है। बुधवार को रूस ने इस क्षेत्र में तीन मिसाइलें दागीं। सैन्य साजो सामान न मिलने से यूक्रेन अब कमजोर पड़ रहा है।

### मरने वालों में ज्यादातर युवा

चेर्निहीव शहर के प्रमुख ओलेकसैंडर लोमाको ने कहा, मैंने स्वयं सड़क पर क्षतिग्रस्त कारों के भीतर खून से लथपथ लोगों के शवों को देखा। मैंने पीड़ितों की जन्मतिथि देखी, मरने वालों में कई युवा भी शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि बचावकर्मी अभी भी मलबे में पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। लोमाको ने कहा, इस हमले ने यह बता दिया कि यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरणों की जरूरत है।

# ईरान के कब्जे वाले जहाज से सुरक्षित भारत लौटीं एन

## 16 अन्य भारतीयों की वापसी पर एमईए ने कही यह बात



**ईरान।** ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीयों में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। विदेश मंत्रालय नेएक आधिकारिक बयान के जरिए इस बारे में जानकारी दी। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज पर बचे शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। जहाज वर्तमान में ईरानी नियंत्रण में है। चालक दल के सदस्य ठीक हैं और वे अपने परिजनों के संपर्क में हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अन्य भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए भारतीय मिशन ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। शीघ्र ही उनकी भी वापसी होगी। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस मामले पर अपने ईरानी समकक्ष विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन से बात की थी।

# भूकंप के तेज झटकों से थरार्या जापान, 9 घायल, सुनामी की कोई चेतावनी नहीं

**जापान।** जापान के दक्षिणी-पश्चिमी इलाके में देर रात आए जोरदार भूकंप में नौ लोग घायल हो गए। बीती रात को 6.6 तीव्रता के झटकों के साथ भूकंप महसूस हुआ लेकिन सुनामी का कोई खतरा नहीं है। कोच्चि प्रांत के सुकुमो शहर में कई स्थानों पर पानी के पाइप टूट गए और एहिमे प्रांत के एनान शहर में एक बौद्ध मंदिर में कब्र के पत्थर ढह गए।

जापान के दक्षिणी-पश्चिमी इलाके में बुधवार की देर रात आए जोरदार भूकंप में नौ लोग घायल हो गए। बीती रात को 6.6 तीव्रता के झटकों के साथ भूकंप महसूस हुआ, लेकिन सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि भूकंप समुद्र की सतह से 50 किलोमीटर (30 मील) नीचे आया और इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अग्निशमन और आपदा प्रबंधन एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि एहिमे प्रान्त में छह, पड़ोसी कोच्चि में दो और क्यूशू द्वीप में दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इनमें से ज्यादातर घर



पर गिरने की वजह से घायल हुए हैं।

**'पानी के पाइप टूटे'**

बकौल रिपोर्ट, कोच्चि प्रांत के सुकुमो शहर में कई स्थानों पर पानी के पाइप टूट गए और एहिमे प्रांत के एनान शहर में एक बौद्ध मंदिर में कब्र के पत्थर ढह गए और छतों के गिरने की भी सूचना मिली है।

परमाणु संयंत्रों का क्या है हाल? परमाणु विनियमन प्राधिकरण ने कहा कि शिकोकू और क्यूशू में तीन परमाणु संयंत्रों के चारों रिएक्टर पूरी तरह से ठीक हैं। रिएक्टरों से खराबी की कोई सूचना नहीं मिली है।

सनद रहे कि जापान दुनिया के सबसे अधिक भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। मार्च 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप और उसके बाद आई सुनामी ने जापान के उत्तरपूर्वी तट के बड़े क्षेत्रों को तबाह कर दिया। इस त्रासदी में 20,000 लोग मारे गए थे।

# अमेरिकी लेखक बोले : लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत, तीसरी बार सत्ता में लौटेगी पार्टी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी लेखक सदानंद धूमे ने कहा कि भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में लौटेगी। धूमे ने कहा, जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों, उसी तरह भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। दक्षिण एशियाई मामलों के प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक सदानंद धूमे ने कहा कि भारत में यकीनन यह मोदी युग है। उन्होंने कहा, देश के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के स्तंभकार तथा थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट से जुड़े सदानंद धूमे ने कहा, भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में लौटेगी। धूमे ने कहा, जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों, उसी तरह भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में हैं। धूमे ने कहा कि



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है।

### विपक्ष लगभग ध्वस्त

लेखक सदानंद धूमे ने कहा, कई मायनों में भारत में विपक्ष लगभग ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद से संभल नहीं पाई है। सदानंद धूमे ने कहा, ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। 60, 70, 80 के दशक में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब भाजपा। हालांकि उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

### भारतीय चुनाव सबसे अहम

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में संसदीय चुनाव अहम होंगे। जॉर्जटाउन विवि के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन बोले, भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना ह्यथोड़ी ज्यादाह्न लगती है, लेकिन ह्यनेताओं को निशाना बनानेह्न के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है।

# छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास, स्केटिंग में किया कमाल, बना दिया विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है।

उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने की पुष्टि

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, '25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग।' पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।

### सृष्टि भी नहीं हैं पीछे

लिम्बो स्केटिंग की दुनिया में तक्षवी और मनस्वी के अलावा 18 वर्षीय सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा भी कमाल दिखा चुकी हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में 50 मीटर से अधिक की स्केटिंग में कमसमय लेते हुए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने इस दूरी को 6.94 सेकंड में पूरा किया था। उन्होंने 2021 में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की थी।

### तक्षवी ने तोड़ा मनस्वी का रिकॉर्ड

अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने धरती से केवल 16.5 सेंटीमीटर की ऊंचाई बनाए रखते हुए 25 मीटर की दूरी तक ग्लाइड किया था।

# पहलवान साक्षी मलिक को टाइम पत्रिका ने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में किया शामिल

**नई दिल्ली।** कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं।

ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को टाइम पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। विरोध



प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ। इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली। सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था लेकिन वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

साक्षी ने उस आंदोलन के बारे में कहा, यह लड़ाई अब सिर्फ भारत की महिला पहलवानों के लिए नहीं है। यह भारत की बेटियों के लिए है जिनकी आवाज बार बार दबा दी गई। सिंह के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद उनके करीबी सहयोगी और व्यवसायिक साझीदार संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया। संजय सिंह ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई की कमान संभाली, उसी दिन साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

# चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, डेवोन कॉन्वे चोट के चलते टूनार्मेंट से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज



डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए। सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है। आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसके अनुसार डेवोन कॉन्वे चोट के कारण टाटा आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉन्वे ने 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 924 रन बनाए हैं।

# कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर , प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**नई दिल्ली।** कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट के 11वें दौर में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूनार्मेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं।

# भारत-पाकिस्तान टेस्ट सीरीज को लेकर रोहित शर्मा का बयान

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित तौर पर द्विपक्षीय सीरीज की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ये शानदार मुकाबला होगा और टेस्ट क्रिकेट के लिए काफी शानदार होगा।

पॉडकास्ट क्लब प्रेयरी फायर पर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने रोहित से पूछा कि क्या आपको नहीं लगता कि भारत का पाकिस्तान के साथ नियमित रूप से खेलना टेस्ट क्रिकेट केलिए शानदार होगा? रोहित ने इस सवाल के जवाब में कहा कि, मुझे पूरा यकीन है कि मुकाबला जोरदार होगा



क्योंकि पाकिस्तान भी अच्छी टीम है।

रोहित ने आगे कहा कि, पाकिस्तान के पास शानदार बॉलिंग लाइन अप है। मुझे लगता है कि ये एक अच्छी प्रतियोगिता होगी। खासतौर पर अगर आप विदेशी परिस्थितियों में खेलते हैं। ये कमाल का होगा। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टेस्ट मैच 2006 या 2008 में खेला गया था। जहां वसीम जाफर ने कोलकाता में दोहरा शतक बनाया था। आखिरी बार भारत और पाकिस्तान ने 2007 में बेंगलुरु में टेस्ट मैच खेला था। भारत ने तीन मैचों की सीरीज 1-0 से जीती थी। वॉन ने रोहित से पूछा कि, क्या वह पाकिस्तान के साथ नियमित सीरीज देखना चाहेंगे? भारतीय कप्तान ने कहा कि, मुझे अच्छा लगेगा। दिन के अंत में, हम प्रतियोगिता में बने रहना चाहते हैं।

## मुरादनगर, नूरनगर, सिहानी और रईसपुर में डॉली शर्मा ने किया जनसंपर्क

# कहीं जनसभा, कहीं रोड शो और कहीं बैठक से किया आगाज, 21 किलो की बड़ी फूलमाला से हुआ स्वागत





### कांग्रेस को वोट दीजिए, हाथ का बटन दबाइए और गाजियाबाद महानगर की किस्मत को चमकाइए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में आयुध फैक्टरी, मुरादनगर में एक बड़ी बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी निभाई। इस मौके पर डॉली शर्मा ने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए उसके निदान का भरोसा दिया। साथ ही यहां के लोगों से मिले अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

नूरनगर, सिहानी, गाजियाबाद में उन्होंने एक रोड शो आयोजित किया। इस दौरान लोग उनके साथ चलते रहे और कारवां बढ़ता चला गया। इस बीच उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। वहीं, लोगों से भी उन्हें अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मिला। उन्होंने सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया। गांव रईसपुर, गाजियाबाद में सर्व समाज की एक बैठक हुई, जिसमें 21 किलो की बड़ी फूलमाला से उनका भव्य स्वागत किया गया।

**फिर ऐसी कोई समस्या नहीं होगी, जिसका समाधान संभव न हो सके। मैं खुद चौपाल लगाकर आपसे समस्या पूंछूंगी और उसका समाधान निकालूंगी**



इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट दीजिए, हाथ का बटम दबाइए और गाजियाबाद महानगर की किस्मत को चमकाइए। फिर ऐसी कोई समस्या नहीं होगी, जिसका समाधान संभव न हो सके। मैं खुद चौपाल लगाकर आपसे समस्या पूंछूंगी और उसका समाधान निकालूंगी। यहां पर भी मिले अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए उन्होंने सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रत्येक बूथ पर करें जनसम्पर्क : दिनेश कुमार गोयल, एमएलसी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सदस्य विधानपरिषद उप्र व गोविन्दपुरम मण्डल समन्वयक की गुरुवार को लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में गोविन्दपुरम मण्डल के शक्ति केन्द्र संयोजक, प्रभारी व बूथ अध्यक्षों की कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बूथों पर जनसम्पर्क अति आवश्यक है।

जिसमें मुख्य रूप से मण्डल प्रभारी राजेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष अमित रंजन, अरविन्द भारती मुरादनगर चुनाव संयोजक, रकम सिंह भाटी मुरादनगर चुनाव प्रभारी, सविता त्यागी, पूनम त्यागी, पुष्पा पाण्डे, रीना शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही गोविन्दपुरम मण्डल के सभी पार्षद उपस्थित रहे जिनमें राजकुमार राजू, गुलशन कुमार, ओमवीर सिंह, नीलम सिंह, त्रिलोक चौधरी, प्रीतम खारी, सुनील प्रधान, कृष्णा त्यागी, अश्विनी, जयन्त, उपेन्द्र, संजय कौशिक, राजीव डागर, सीताराम, रणवीर, मनीष व समस्त मण्डल पदाधिकारी व सैक्टर संयोजक उपस्थित रहे।

सभी ने ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने हेतु प्रेरित किया व आने वाली 26 अप्रैल को अतुल गर्ग सांसद प्रत्याशी के पक्ष में कमल के निशान पर बटन दवाकर आठ लाख पार का आह्वान किया। अन्त में दिनेश कुमार गोयल, सदस्य विधान परिषद द्वारा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री शक्ति केन्द्र संयोजकों को दी गयी।

## भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पुत्रों ने संभाली लोनी लोकसभा चुनाव प्रचार की कमान

### सभासदों की बैठक में कहा, प्रत्येक कार्यकर्ता अतुल गर्ग बनकर प्रचार करे





**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी में गुरुवार को भाजपा चुनाव कार्यालय पर पूर्व महापौर आशु वर्मा के नेतृत्व और भाजपा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान की अध्यक्षता में लोनी नगर पालिका सभासद और चुनाव संचालन समिति की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में गाजियाबाद के पूर्व महापौर आशु वर्मा ने सभी सभासदों को एकजुट होकर चुनाव प्रचार में घर-घर जाने का आह्वान किया। कहा, हमें प्रत्येक वार्ड को घर-घर संपर्क करके वोट डालने के लिए प्रेरित करना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान ने सभासदों की प्रशंसा करते हुए चुनाव प्रचार अभियान को तेज करने को कहा। प्रत्येक सभासद घर-घर संपर्क करके वोट पर्ची वोटर को देने का कार्य करें। लोनी लोकसभा चुनाव प्रभारी सत्यवीर राघव ने प्रत्याशी पुत्रों को ऐतिहासिक जीत दिलाने का आश्वासन दिया।

चुनाव संयोजक अनूप बैसला ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए चुनाव में जोर-शोर से प्रचार करने पर जोर दिया। सभासद दल के नेता रोहित भारद्वाज ने 55 वार्ड के सभी भाजपा सभासदों के साथ ऐतिहासिक वोटिंग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतुल गर्ग के पुत्र राघव गर्ग ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा- यह चुनाव आप सभी का है और प्रत्येक सभासद भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी अतुल गर्ग बनकर घर-घर संपर्क करें। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी मोर्चा के संयोजक मंडल अध्यक्ष मीडिया प्रबंधन महिला मोर्चा समस्त सभासद गण चुनाव संचालन समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों और बुजुर्गों ने की घर से मतदान सुविधा की तारीफ

### 480 दिव्यांग और बुजुर्गों में से कर चुके हैं 285 लोग मतदान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव आयोग के निदेर्शों पर इस बार 85 वर्ष आयु प्लस के बुजुर्गों के लिए घर से ही पोस्टल बैलेट सुविधा प्रदान की गई है यानि ये लोग घर से ही मतदान कर सकते हैं। गाजियाबाद निर्वाचन विभाग इस कार्यक्रम में पूरी रूचि ले रहा है और स्थिति ये है कि गाजियाबाद लोकसभा में 480 ऐसे मतदाता है जो दिव्यांग है और बुजुर्ग श्रेणी में आते हैं।

रिटरनिंग आफिसर और सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बस्ता घर-घर जाकर दिव्यांगों और बुजुर्गों के वोट डलवा रहे हैं। वह एक परिवार में पहुंचे और यहां उन्होंने 90 वर्षीय मां और उनकी 72 वर्षीय पुत्री का वोट डलवाया। इस सिस्टम से दिव्यांग और बुजुर्ग कितने खुश है ये भी सिटी मजिस्ट्रेट ने पूछा।

जब उन्होंने वोट डलवाने के बाद 90 वर्षीय महिला की 72 वर्षीय पुत्री से पूछा तो उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अच्छा है तभी मेरी 90 वर्ष से अधिक उम्र की माता को घर पर ही वोट डालने का अवसर मिला है। वहीं जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग की गाईडलाइन पर ये वोट डाले जा रहे है। 480 दिव्यांगों और बुजुर्गों में से 285 अभी तक मतदान कर चुके हैं।

## काईट में सम्पन्न हुई भाजपा की हाईप्रोफाईल समन्वय बैठक

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित दोनों डिप्टी सीएम और संघ व संगठन के बड़े पदाधिकारी रहे मौजूद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने चुनावी रण में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। उसकी सेना मैदान में आ गई है और अब चुनावी रणनीति को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसकी बानगी यह है कि गुरूवार को शाम 6 बजे मुरादनगर के काईट कॉलेज में भाजपा की एक हाईप्रोफाईल समन्वय बैठक आयोजित हुई।

इस बैठक की गंभीरता और इसके स्तर का अंदाजा इसमें मौजूद चेहरों से ही लगाया जा सकता है। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मौजूद रहे। सूत्र बताते हैं कि यह हाईप्रोफाईल समन्वय बैठक चुनावी तैयारियों को लेकर हुई है। काईट कॉलेज में आयोजित इस हाईप्रोफाईल समन्वय बैठक में केवल गाजियाबाद ही नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कई सीटों को लेकर मंथन हुआ है।

चुनावों को लेकर गहन रणनीति बनाई गई है। ये बैठक बेहद गोपनीय रही है तस्वीरें बाहर नहीं आई है। सूत्र बताते हैं यहां दूसरे चरण के चुनावों को लेकर गंभीर मंथन हुआ है। केवल संगठन ही नहीं संघ के भी कई बड़े पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे हैं।

## लोकसभा गाजियाबाद-12 के चारों प्रेक्षकों ने किया एमसीएमसी कमेटी का निरीक्षण, सूक्ष्मता से की सभी कार्यों की जांच

### सोशल मीडिया व एमसीएमसी का सन्तोषजनक है कार्य : प्रेक्षक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोकसभा गाजियाबाद-12 में नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा लगातार निरीक्षण व जांच अभियान (स्थलीय व फाइलों के माध्यम से) जारी है।

इसी क्रम में प्रेक्षकों द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में स्थापित सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल व मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का औचक निरीक्षण किया। प्रेक्षकों द्वारा कमेटी के मेम्बरों से उनके द्वारा किये गये कार्यों की गहनता से जांच की और साथ ही उनकी कमेटी द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण और जांच के बाद कमेटी द्वारा किये जा रहे कार्यों से सभी प्रेक्षक सन्तोषजनक दिखाई दिये। उक्त निरीक्षण गाजियाबाद-12 लोकसभा के चारों प्रेक्षकों (सामान्य) अरुण कुमार सिन्हा, अनिल कुमार (पुलिस), सौरभ नायक (व्यय), टी.अरिवाझगन (व्यय) द्वारा किया गया। जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कमेटियों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रेक्षकों को विस्तार से जानकारी दी।

## किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शासन-प्रशासन चुस्त : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 अप्रैल को महानगर गाजियाबाद में मतदान है। रमजान,नवरात्रि, बैसाखी के त्यौहार के बाद भी लोकसभा चुनाव अपनी गति नहीं पकड़ रहा है। शासन-प्रशासन चुस्त और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्पर है। प्रशासन ने करीब 400 लोगों (कमर्शियल एवं घरेलू वाहन मालिकों) को नोटिस जारी किया कि वह चुनाव के लिए अपने वाहन आरटीओ ऑफिस में जमा करें। इससे शहर के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आरटीओ परिवर्तन ने आज प्रेस नोट जारी किया कि प्राइवेट वाहन चालकों को घबराने की जरूरत नहीं है, सिर्फ कमर्शियल वाहन ही चुनाव ड्यूटी में लगाए जाएंगे। 26 अप्रैल का दिन नजदीक आ रहा है, चुनावी हलचल तेज नहीं दिखाई दे रही। मतदाताओं का रुझान किस तरफ है,अभी पता नहीं पड़ रहा। वोटिंग करना राष्ट्र की उन्नति के लिए जरूरी है। सभी वोटर तत्पर तैयार हैं। वोटरों में उत्साह है पर प्रत्याशियों में उत्साह देखने को कम मिल रहा है। सभी नागरिकों को मोदी और योगी में पूरी आस्था है। जल्द ही चुनावी माहौल रफ्तार पकड़ लेगा। सभी नागरिकों से अपील है कि 26 तारीख को अपनी सबसे बड़ी ताकत का इस्तेमाल जरूर करें। वोट देने जरूर जाएं, जिससे भारत एक मजबूत राष्ट्र बन सके।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गुरुवार को गाजियाबाद में कई चुनाव प्रचार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बीजेपी महानगर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से चुनावी तैयारी की रिपोर्ट ली। इस दौरान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम और बॉबी त्यागी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आस्था श्रद्धा का भाव अपने ईष्ट के प्रति हो तो ऐसा हो। पुलिस ऑफिसर अभय मिश्रा इन दिनों अयोध्या नगरी में एसपी एसएसएफ हैं। राम नवमी पर्व पर अभय मिश्रा को भी दर्शन लाभ प्राप्त हुआ,पूजा अर्चना का अवसर मिला। अपने मन के भावों को उन्होंने जय श्री राम के साथ साझा किया। उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर लिखा कि आज धन्य हो गया जीवन। प्रभु के प्राकट्य के शुभ अवसर पर प्रतिभाग करके। आस्था श्रद्धा भक्ति भाव को अपने आप में समाहित किए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।